हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 30 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

12 दिनभर सावन की रिमझिम फुहार, आज से बदलेगा मौसम, बारिश से मिलेगी राहत



13 बघेल बोले- ग्रामीणों के विरोध के बाद भी सरकार शराब भट्ठी खोलने तैयार बैठी





आज दोपहर 1 बजे से पं. प्रदीप मिश्रा की कथा

## शिव महापुराण की कलश यात्रा





# गले में मुंडमाला, तन पर भस्म लगा भूत-पिशाच, अघोरी की तरह किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा एक बार फिर शहर में हैं। 30 जुलाई को दोपहर 1 बजे से उनकी शिव महापुराण कथा शुरू हो रही है। सावन महीने में भक्तों को भगवान शिव की कथा का पुण्य लाभ मिलने जा रहा है। इसे लेकर मंगलवार को विशाल कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ, मानो भोलेबाबा साक्षात धरती पर उतर आए हों। जटाजूटधारी भोलेबाबा गले में मुंडमाला, तन पर भस्म रमाए, एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में डमरू फड़काते हुए गणेश मंदिर सेक्टर 5 प्रागंण से निकले। उनके सामने भूत, प्रेत, पिशाच और अघोरी भी नाचते-कूदते ऐसे चल रहे थे जैसे वे बाबा की बारात में शामिल हो। उनके साथ शिवमहापुराण कथा के आयोजक बोल बम सेवा व कल्याण समिति के अध्यक्ष दयासिंह भी बाबा भोलेनाथ की भक्ति में डूब गए। वे स्वयं भी मुंडमाला धारण किए हुए हरियाणा से आए बाबा रूपी कलाकारों के बीच हौसला आफजाई करते दिखे।

### आंध्रप्रदेश से गणेश और दिल्ली से हनुमान पधारे

भिलाई में आंध्रप्रदेश से भगवान गणेश जी और दिल्ली से हनुमान जी भी यहां पधारे। इन दोनों प्रदेश कलश यात्रा को भव्य, आकर्षक व अनूठा बनाने के लिए आयोजक समिति ने विशेष तौर पर इस तरह की टीम बुलाई।गणेश जी व हनुमान स्वरूप झांकी के बीच ढ़ोल, ताशे, मंजीरे और डीजे के धुन का समिश्रण में शिवभक्तों आनंद से नाच-गाकर अपनी अविरल भक्ति का एहसास कराते चल रहे थे। कलश यात्रा जिस रूट से गुजरी शहरवासी इस अद्भूत नजारे को कैद करते रहे। गणेश मंदिर से पूरे विधिविधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा प्रारंभ हुई।

### जंयती स्टेडियम पहुंचने के लिए ट्रैफिक रूट जारी

रायपुर, चरोदा, भिलाई-3 की ओर से आने वाले वाहन टाटीबंध, कुम्हारी, पावर हाउस चौक, पावर हाउस अंडरब्रिज, मूर्गा चौक होते हुए भिलाई विद्यालय सेक्टर-2,सेक्टर-6 पुलिस ग्राउंड पार्किंग में अपने वाहन खड़ा कर कथा स्थल तक पैदल पहुंचेंगे। बेमेतरा, धमधा, दुर्ग की दिशा से आने वाले वाहन धमधा, धमधा नाका ओवरब्रिज, ग्रीन चौक, राजेन्द्र पार्क, वाय सेप ब्रिज, सेक्टर-9 चौक होते हुए सेक्टर-7 स्कूल ग्राउंड या सेक्टर-6 पुलिस ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा कर पाएगें। राजनांदगांव एवं बालोद की ओर से आने वाले श्रद्धालु पुलगांव चौक, जेल तिराहा, डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग होकर हेलीपैड ग्राउंड या फुटबॉल ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा करेंगे। धमतरी, पाटन की ओर से आने वाले उतई, उतई तिराहा, डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग होकर हेलीपैड या फुटबॉल ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा करने के बाद पैदल कथा स्थल तक पहुंचेंगे। आयोजन अवधि में उक्त क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। असुविधा से बचने के लिए निर्धारित मार्गों, पार्किंग व्यवस्था का पालन करें।

## बिजली करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बिजली करंट से बालक की मौत होने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सतनामी पारा गनियारी भिलाई तीन निवासी कामेश्वर डहरिया 12 वर्ष छठवीं क्लास का छात्र था। उसके पिता रामा डहरिया चरोदा निगम में सफाई कर्मी है। कामेश्वर सोमवार की शाम को अपने दोस्तों के साथ खेत में भुट्टा तोड़ने गया था। गनियारी से सिरसा कला जाने वाली सड़क के किनारे स्थित योगेश वर्मा का फार्म हाउस है। जहां बिजली करेंट लगने से बालक कामेश्वर डहरिया की मौत हो गई। खबर लगने पर परिवार में मातम पसर गया है। कामेश्वर डहरिया 28 जुलाई की शाम मोहल्ले के धनेश्वर बंजारे, मयंक टंडन, अन्य बच्चों के साथ ग्राम गनियारी के सिरसा खार की तरफ गये थे। घूमते घूमते भुट्टा की फसल लगे ग्राम सिरसा कला डीएमसी रोड पर स्थित योगेश वर्मा के फार्म हाउस में पहुंच गए। कामेश्वर डहरिया भुट्टा तोड़ने के लिए खेत मे लगे तार घेरा को फांद कर खेत में चला गया। जहां योगेश वर्मा अपने खेत मे तार घेरा कर करेंट सप्लाई करके रखा हुआ था। कामेश्वर का पैर बिजली तार में लगने पर वह चिपक गया। कामेश्वर डहरिया को करेंट लग गया। सूचना मिलने पर राम डहरिया खेत के पास जाकर देखा तो तार का घेरा लगा हुआ था। कामेश्वर को उसके दोस्तों ने खेत मेड़ में सुला रखा था। पिता रामा डहरिया ने देखा और उसे 108 वाहन की गाड़ी से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला लेकर गया। जहां चिकित्सकों ने कामेश्वर को मृत घोषित कर दिया।



निगम के सफाई कर्मी का बेटा था

### फार्म हाउस संचालक के खिलाफ अपराध कायम

करेंट लगने से कामेश्वर की मौत की खबर लगने के बाद गनियारी के सतनामी पारा के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। कामेश्वर के पिता रामा डहरिया के साथ गांव के कुछ लोगों ने थाने पहुंचे। दोषी फार्म हाउस संचालक योगेश वर्मा पर अपराध दर्ज करने की मांग करते रहे। भिलाई-3 पुलिस ने संचालकर योगेश वर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। फार्म हाउस के संचालक योगेश वर्मा अपने खेत में तार का घेरा डालकर करेंट लगा के रखा है। जिसके कारण कामेश्वर की मौत हुई।

## पीएम आवास बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) किफायती आवास के ''मोर मकान मोर आस'' एवं ''मोर मकान मोर चिन्हारी'' घटक के अंतर्गत किरायेदारी के रूप में निवास कर रहे परिवारों को योजना के तहत आवास आबंटन किया गया है। आबंटित आवास को 30 वर्षीय पटटे पर प्रावधिक रूप से एवं स्वयं के आवासीय उपयोग हेतु ही आबंटन किया जाता है । आबंटितों को आवास विक्रय करने अथवा पटटे, किराये, दान में देने अथवा अन्य किसी भी स्थिति में अन्य का अधिकार नहीं होगा। आबंटित आवास को स्वयं के निवास हेतु उपयोग करें यदि हितग्राही द्वारा किसी कारणवश आबंटित आवास छोड़कर जाने की स्थिति में अथवा अन्यत्र निवास स्थापित करने पर आबंटन स्वमेव रद्द हो जायेगा एवं उक्त आवास पर नगरीय निकाय का अधिकार होगा। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि आबंटित आवास को क्रय-विक्रय करने का कोई प्रावधान नहीं है, ऐसा करने पर आबंटित आवास के आबंटन को रद्द कर दिया जाएगा। आबंटन संबंधी किसी भी कार्य की जानकारी प्राप्त करने हेतु नगर पालिक निगम भिलाई सुपेला के मुख्य कार्यालय प्रधानमंत्री आवास योजना विभाग कक्ष क्रमांक 16 में सम्पर्क करें तथा दलालों एवं बिचोलियों के झांसे में न आये एवं आबंटित आवास का क्रय-विक्रय न करें। ऐसा करना आबंटन नियम का उल्लघन है, शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं को बहला फुसलाकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

■ सुपेला थाना क्षेत्र की है घटना, लोन निकालने के नाम पर ठगी

लोन, उपचार समेत अन्य बीमारियों का झांसा देकर महिलाओं से ठगी करने वाले महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेबफिंस लिमिटेड बैंक, उज्जीवन बैंक ग्रीन चौक दुर्ग, स्वस्ति बैंक, बंधन बैंक नेहरू नगर, आशीर्वाद बैंक, बेल स्टार बैंक कोसा नगर, स्पंदन स्फूर्ती फाइनेंशियल लिमिटेड बैंक कैलाश नगर, एक्टिटोश बैंक, आईडीएफसी बैंक उतई, मुथूट फाइनेंस कंपनी कसारीडीह केलाबाड़ी दुर्ग से झांसा देकर महिला ने 15 लाख रुपए की ठगी किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। महिला को रायपुर श्ने आवास नेहरू नगर वार्ड 5 सुपेला निवासी नेमा गोस्वामी को रायपुर मंगल बाजार से पकड़ा है। घटना की सिकायत पुर्णिमा चौहान समेत अन्य महिलाओं ने मिलकर किया था। कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।




## प्राणघातक हमला करने वाले 4 युवक पहुंचे पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जान से मारने की नीयत से बेट बॉल और डंडा, रॉड से हमला करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरप्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प छावनी निवासी प्रीतम कौर के पुत्र शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा के साथ रंजिश के कारण छोटा भांचा उर्फ राकेश, केश भुरू व उसके साथियों ने मिलकर साजिश रची। बेस बॉल, डण्डा, रॉड से मारपीट किया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही मुखबिर की सूचना पर कैंप 1 छावनी निवासी राकेश साहू ,केश कुमार साहू, मयंक कोसले ,प्रदीप कश्यप को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना को अंजाम देकर फरार थे। सभी आरोपियों को रिमाण्ड में भेजा गया है। घटना वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है।

### नयापारा में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

भिलाई। कोतवाली पुलिस। रा तिराहे के पास अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर गंजपारा नदी रोड के पास आरोपी को घेराबंदी क पकड़ा गया। आरोपी शराब बेचने के फिराक में घूम रहा था। आरोपी अमन यादव से 12 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपी अमन पिता प्यारेलाल यादव उम्र 23 वर्ष शिवपारा का रहने वाला है।




### शेयर मार्केट के नाम पर 7.13 लाख की ठगी

भिलाई। शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि क्वाटर नं 3ए सडक 26 सेक्टर 11 जोन 1 खुर्सीपार निवासी जयंत कुमार पटेल ने ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से इन्वेस्टमेंट के नाम पर 7 लाख 13 हजार 173 रुपए का आनलाईन ठगी किया गया। पीड़ित टेलीग्राम आईडी के धारक अज्ञात आरोपी ने ट्रेडिंग कंपनी के नामक पर रुपए जमा कराया। उसके उसके बाद ठगी कर दिया। घटना की शिकायत पुलिस थाने में ददर्ज कराई गई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।



## खबर संक्षेप



### नंदिनी आश्रम में किया गया प्रसादी वितरण

**दुर्ग**। संत आशाराम बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल नंदिनी नगर की बहनों द्वारा सावन माह के तीसरे सोमवार पर शिवधाम कोड़िया में शिव भक्तों को प्रसादी, तुलसी पौधा एवं सुप्रचार साहित्य वितरण किया गया।

### सुराना महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन



**दुर्ग**। कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं को कारगिल युद्ध से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान से छात्र छात्राएं अवगत हुए । इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नों के उत्तर देने पर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, समस्त प्राध्यापकगण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**दुर्ग**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 124वां संस्करण का वार्ड नंबर 57 उरला में पार्षद सरस निर्मलकर के घर सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय जलकारे मौजूद रहे।

# सीमित संसाधनों के बावजूद छात्राएं सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ रहीं:रंजना

**कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन, शहर विधायक गजेंद्र यादव हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन नव-प्रवेशित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव ने नव-प्रवेशित छात्राओं का सम्मान तिलक लगाकर किया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह महाविद्यालय इस जिले का एकमात्र प्रतिष्ठित कन्या महाविद्यालय है, लेकिन इसके अनुरूप संसाधन नहीं है। सीमित संसाधन के बावजूद भी छात्राएं निरंतर सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष प्रीति साहू ने छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास करते रहने शुभकामनाएं दी।

### गुरु-शिष्य के बीच होता है शिक्षा का आदान-प्रदान-विधायक

विधायक ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं बेटियों के दीक्षारंभ संस्कार में उपस्थित हुआ हूं। महाविद्यालयों में गुरू शिष्य के मध्य शिक्षा का आदान-प्रदान, मनोयोग से प्रारंभ होता है। उसे दीक्षारंभ संस्कार के रूप में प्रारंभ किया गया है। उन्होंने छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की।



### कॉलेज में सुविधाओं की दी जानकारी

डॉ. सुषमा यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डॉ. अनिल जैन ने एण्टी रैगिंग, डॉ. अमिता सहगल ने छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा उत्सव, डॉ. ॠतु दुबे ने क्रीडा की गतिविधियों, डॉ. मंजूलता साव ने पुस्तकालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय की एम्बेसेडर छात्राओं तृप्ति साहू, वाणी, हेमलता, गोदावरी ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया। इस अवसर पर श्रीमती झरना वर्मा, दिनेश एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**राहत : शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पर तीन फुट ऊपर पानी**

# दिनभर सावन की रिमझिम फुहार, आज से बदलेगा मौसम, बारिश से मिलेगी राहत

**सिस्टम कमजोर, खंड वर्षा के हालात बनना शुरु**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सावन महीने में रिझझिम बारिश का नजारा ट्विनसिटी के लोगों ने इस बार देखा। सोमवार की रात बारिश शुरू हुई वह पूरे मंगलवार को दिनभर रूक-रूक कर होती रही।

मौसम विभाग के हिसाब से ऐसी स्थिति बुधवार को भी बनी रहेगी लेकिन राहत की बात यह है कि अब तेज बारिश नहीं होगी। इसलिए कि सिस्टम कमजोर हो गया है। खंड वर्षा के हालात भी बनना शुरू हो गए है। लगातार बारिश के बाद भी शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट केवल तीन फीट ऊपर चल रहा है। वह भी इसलिए कि शिवनाथ नदी में राजनांदगांव, मोहला के बैराजों से 6 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।





### 31 से खुल जाएगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 31 जुलाई से बादल छट जाएंगे और मौसम खुल जाएगा। इसलिए कि अब सिस्टम कमजोर होने लगा है। आने वाले दिनों में भी बारिश होगी लेकिन वह अलग-अलग क्षेत्रों में बनी रहेगी। झमाझम बारिश भी हो सकती है लेकिन कुछ ही देर के लिए। व्यापक मात्रा में वर्षा होने की स्थिति अब नहीं बन रही है। एक तरह से अगस्त महीने की शुरूआत होगी और इसे मानसून की बिदाई की ओर भी कह सकते हैं। पांच दिनों तक बारिश कहीं-कहीं क्षेत्रों में चलती रहेगी।

### जनजीवन पर भी असर

दो दिनों से हो रही हल्की बारिश का असर जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। लोग अपने घरों से जरूरी काम होने पर ही निकल रहे हैं। ट्विनसिटी का मार्केट भी सूना सा हो गया है। बाजार में खरीदारी कम हो गई है। दुकानदारों ने बताया कि जरूरी चीज ही लोग खरीदने आ रहे हैं।

### इस तरह है सिस्टम सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण बांग्लादेश तक गुजरात, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, झारखंड और उससे लगे उत्तरी छत्तीसगढ़, और गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, दिल्ली, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, सतना, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

# संभाग आयुक्त ने किया केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

- सजायाफ्ता 1069 बंदी जिसमें 40 महिला

इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने जेल परिसर अंदर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए संचालित सिलाई केन्द्र, प्रिंटिंग प्रेस कक्ष, फोल्डर बाइंडिंग कक्ष, कारपेन्टर कक्ष, वेल्डिंग कक्ष, हैण्डलूम कक्ष का अवलोकन किया। जेल अधीक्षक मनीष शांभकर ने अवगत कराया कि जेल में आने वाले बंदी जो उक्त कार्यों में रूचि रखते है, उन्हें रोटेशन अनुसार कार्य करने का अवसर दिया जाता है। बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को जेल प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यालयों में मांग के अनुसार आपूर्ति की जाती है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने निरीक्षण के दौरान परिसर स्थित जेल अस्पताल का भी अवलोकन किया और भर्ती मरीजों के बीमारी एवं उपचार आदि के संबंध में जानकारी ली।

### जेल की व्यवस्थाओं से हुए रु-ब-रु

बंदियों द्वारा संचालित कम्प्यूटर कक्ष तथा जेल परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, कार्यालय जेल अधीक्षक व नियंत्रण कक्ष का अवलोकन कर जेल में बंदियों की निगरानी की जानकारी ली। संभाग आयुक्त ने सामान्य बंदी बैरक का भी अवलोकन किया और बंदियों से पेयजल एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी ली। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय जेल दुर्ग में विभिन्न सजा याफ्ता 1069 बंदी है। जिसमें 40 महिला बंदी भी शामिल है।

### मुरमुन्दा में कलस्टर स्तरीय विशेष शिविर आज

**दुर्ग**। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, विषयों के निराकरण की जानकारी के लिए ग्राम मुरमुन्दा में 30 जुलाई को क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित सुनिश्चित करने कहा गया है।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर, कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छ.ग. कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनरतले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन के तहत संसाधन नहीं तो काम नही सहित 17 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन दुर्ग संभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार दुर्ग के जिला पंचायत कार्यालय के सामने जुटे। उन्होने धरना देकर अपनी मांगो पर आवाज बुलंद की। हड़ताल के पहले दिन जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार की नीतियों को लेकर विरोध जताया गया था। कल 30 जुलाई को तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपनी मांगो को लेकर प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। दुर्ग संभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहने से तहसील कार्यालयों में कामकाज भी प्रभावित हुए। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- आज प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन




### तहसीलदार अड़े मांगों को लेकर, आज भी प्रदर्शन

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मांगो में सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने, ग्रेड पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालयीन प्रकरणों में आदेशों का पालन,न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं, न्यायालय में उपस्थिति हेतु व्यवस्था,मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति, एसएलआर और एएसएलआर की बहाली, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता, सुरक्षाकर्मी की तैनाती, सड़क दुर्घटना में आर्थिक सहायता राशि 25 हजार तत्काल भुगतान, संघ को मान्यता दी जाए, विशेषज्ञ कमेटी का गठन शामिल है। हड़ताल में दुर्ग संभाग से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कई दिनों से बंद पड़ी है इंदिरा मार्केट ट्यूबलर पोल की लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शहर के मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड से लेकर शिवम मॉल तक लगाए गए ट्यूबलर पोल जिसमें मध्यानी ऑटो के सामने से लेकर होटल शीला तक 7 पोल की लाइट कई दिनों से बंद पड़ी है। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी ने उक्त मार्ग पर बंद पड़ी हुई कई लाइटों को बदलने तथा ज्यादा वाट की लाइट लगाने की मांग महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार से की है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त मार्ग पर अभी विगत 3 माह पहले ही लगी ट्यूबलर पोल की कई लाइटें बंद पड़ी हुई है जिससे यहां पर अंधेरा व्याप्त रहता है। मार्ग में मवेशी भी बैठे रहते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मांग करने वालों में मंच के दिनेश जैन, रमन सिंह, गुलाब चौहान, ललित वर्मा, युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, अनिल शर्मा, बाबू भाई, गुरमीत सिंग भाटिया, मोहन सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर भ्रमण की शुरुआत की। निरीक्षण में उनिगम के विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद थे।

- सरस्वती नगर व गणपति विहार में आवास का निरीक्षण

आयुक्त श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के अंतर्गत सरस्वती नगर और गणपति विहार में निर्मित आवासीय साइट का निरीक्षण किया।

इस दौरान परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और सिटी लेवल टेक्निकल सेल की टीम भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने



निर्माण कार्यों में हो रही देरी और अपूर्ण कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अधूरे कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा कर परियोजना को समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जाने हैं, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि साइट पर नियमित निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर नजर रखी जाए तथा निर्माण कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र ही आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

**कलेक्टर ने की समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा, दिए निर्देश**

# पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का कराएं भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिये।

- विभागों में कंडम गाड़ी को अपलेखन कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को 400 केव्ही डबल सर्किट पावरग्रिड रायपुर पुल धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य अंतर्गत टावर स्थापना व तार के नीचे प्रभावित भूमि का मुआवजा भुगतान कराने और अद्यतन भुगतान राशि की जानकारी देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित अनुभाग अंतर्गत आरबीसी 6.4 के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आर्थिक सहायता राशि के प्रकरण लंबित न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के दौरान प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण कर अवगत कराएं। बैठक में सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी एवं सिल्ली थॉमस आदि मौजूद थे।

### विभाग में कंडम वाहन न रहे शेष

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप 15 वर्ष से अधिक चली शासकीय वाहनों का अपलेखन किया जाना है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में अभी भी अपलेखन होने से 12 लंबित वाहनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से अपलेखन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभाग में अपलेखन हेतु कंडम वाहन शेष न रहे। उन्होंने समीक्षा के दौरान एसडीएम एवं जनपद सीईओ को संबंधित क्षेत्र में कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का परीक्षण करा लेने के निर्देश दिये।



### रामलला दर्शन तीर्थयात्रा के लिए तैयारियां करें पूरी

कलेक्टर श्री सिंह ने राशन कार्ड केवायसी के संबंध में कहा कि ऐसे राशन कार्ड जिनका केवायसी नहीं हुआ है सत्यापन कराएं और शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, हितग्राहियों का आधार सीडिंग कराये। साथ ही फिंगरप्रिंट के कारण लंबित हितग्राहियों की जानकारी शासन को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने आगामी माह प्रस्तावित संभाग से रामलला दर्शन तीर्थयात्रा हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी, अधिकारियों को सौंपे दायित्व

बैठक में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के लिए अधिकारियों को कार्यभार दायित्व सौंपे गये। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम आयोजन के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों को विभागीय कार्य गतिविधियों की रूपरेखा शीघ्र कलेक्टोरेट में जमा कराने कहा गया। सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने 30 जुलाई को मुरमुंदा में आयोजित विशेष शिविर में सभी अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# वार्ड 57 एवं 58 में समस्या समाधान शिविर 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 के आईएचएसडीपी के हॉल मे शासकीय योजनाओं के कियान्वयन एवं कामकाज में पारदर्शिता के लिए एक दिवसीय जनसमस्या एवं सामाधान शिविर का आयोजन 31 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निर्देश जारी कर इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर का नागरिक लाभ ले सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग से संबधित राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, आईएचएसडीपी और लाइसेंस विभाग, बाजार विभाग, पीएमएवाय आवास, भवन शाखा, जल विभाग, विद्युत विभाग एवं एनयूएलएम, आयुष्मान, पीएम स्वनिधि के लिए वार्ड के नागरिक आवेदन लेकर शिविर में समस्या से संबंधित समाधान करवा सकते है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जायेगा और यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विद्युत विभाग को शिविर स्थल में माइक, पंखा व लाइट आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

- नागरिक समस्याओं का करवा सकते हैं समाधान

# कुर्मी समाज के हरियाली तीज मिलन में झूम उठी महिलाएं, परंपरागत खेलों में लिया हिस्सा

## हरियाली क्वीन बनीं किरण, फुगड़ी और क्विज सहित कई रोचक आयोजन हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई चरोदा इकाई महिला संगठन द्वारा डॉक्टर मोतीलाल द्रौपदी गुप्ता सेवा आश्रम जी रोड चरोदा स्थित आर्य समाज चरोदा भवन में हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल, विशेष अतिथि प्रेमलता मढरिया और राज मंत्री रामशंकर वर्मा थे। अध्यक्षता बीना बंछोर महिला प्रमुख भिलाई चरोदा ने की। सभी महिलाओं ने हरे रंग के ड्रेस कोड मे शामिल होकर हरियाली का संदेश दिया। हरियाली क्वीन किरण विजय वर्मा बनी। फुगड़ी में स्वाति वर्मा ने जीत हासिल की।



भजन कीर्तन में सभी सामाजिक महिलाएं भक्ति भाव में विभोर होकर नृत्य कर खुशी से झूम उठी।

हरियाली विषय पर क्विज प्रतियोगिता, फुगड़ी, विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया विजयी प्रतियोगी को इनाम दिया गया। प्रेमलता मढरिया ने हरियाली पर्व पर अपने विचार रखे। राजमंत्री रमाशंकर वर्मा ने समाज द्वारा शुरू की गई छात्रवृत्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया अभी तक छात्रवृत्ति कोर्स में 14 लाख रुपए जमा हो गए है। जिसके ब्याज की राशि जरूरतमंद सामाजिक प्रतिभावान छात्र को दी जाएगी। मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पुरातन संस्कृति को भावी पीढ़ी को जानने एवम बड़े बुजुर्गो से नया सीखने को मिलता है। आभार प्रदर्शन महिला इकाई प्रमुख बीना बंछोर ने किया। चरोदा में पहली बार हुए हरियाली तीज मिलन समारोह में अब तक की समारोह में सबसे अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

### तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह की तैयारी शुरू

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में तहसील स्तरीय तीज महोत्सव कार्यक्रम 17 अगस्त को पाटन में आयोजित है उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा का बैठक साहू सदन पतोरा में हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष एवं प्रमुख सलाहकार तहसील साहू संघ पाटन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने पांचो परिक्षेत्र एवं निनानबे इकाई में बैठक कर उच्च सदन की सभी निर्देशों को परिपालन किया जा रहा है। प्रमुख वक्ता लालेश्वर साहू ने बताया कि आगामी 2026 में सामूहिक आदर्श विवाह एवं विशाल कर्मा महोत्सव का कार्यक्रम जामगाँव आर परिक्षेत्र के गाँव में आयोजित होना है। बैठक में खेमलाल साहू महासचिव तहसील साहू संघ पाटन ने शादी के नाम पर हो रहे संस्कार विहीन कार्यक्रम के आयोजन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा। विमला साहू सहसचिव तहसील साहू संघ पाटन ने तीज महोत्सव के विषय में विस्तार से जानकारी दी।



## खबर संक्षेप



### टोलाघाट की कांवड़ यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

**सेलूद।** पाटन से टोला घाट कांवड़ यात्रा में ढौर के ग्रामीण बड़ी संख्या शामिल हुए। भाजपा पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष एवं कावड यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में लोग भक्तिभाव के साथ जुटे। इनमें प्रमुख रूप से हर प्रसाद आडिल, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल साहू, रोमनाथ हिरवानी, रामभरोसा साहू, मिलन यादव, काशीराम साहू और चंद्रिका रुक्मणी की भागीदारी रही।

## निधन

### कलावती देवी

**भिलाई।** 38/ बी स्ट्रीट नंबर 2 साकेत नगर कोहका निवासी कलावती देवी 85 वर्ष का निधन सोमवार की रात को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गोरखनाथ नायक, दिलीप नायक, अजय नायक की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।




### एकजुटता : गांव में शराब भट्ठी का पुरजोर विरोध, पूर्व सीएम का समर्थन

# बघेल बोले- ग्रामीणों के विरोध के बाद भी सरकार शराब भट्ठी खोलने तैयार बैठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र के ग्राम खुड़मुड़ा में खोले जा रही शराब दुकान का विरोध कर रहे ग्रामीणों को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि शराब दुकान खोले जाने के विरोध में ग्रामीण धरने पर बैठे है और मांग कर रहे है कि शराब दुकान न खोला जाए। ग्रामीण दो दिनों से धरना पर बैठे हुए है लेकिन भाजपा की तानाशाही सरकार ग्रामीणों की मांग को दरकिनार कर शराब भट्ठी खोलने के लिए तैयार बैठी है। श्री बघेल ने कहा कि एक तरफ भाजपा की सरकार 10463 स्कूल बंद कर गरीब व जरूरतमंदों को शिक्षा से दूर कर रहा है वही दूसरी तरफ पूरे प्रदेश में शराब दुकान खोलकर प्रदेश को नशे में डूबाने का कार्य कर रही है।

पूर्व में भी भाजपा सरकार द्वारा यहां शराब भट्ठी खोले जाने की पूर्ण तैयारी की जा चुकी थी लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद शराब दुकान नहीं खोला जा सका था। जनहित को ध्यान में रखते हुए अमलेश्वर के नगरपालिका परिषद अध्यक्ष दयानंद सोनकर स्थानीय पार्षद व सैकड़ों के



संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन के बाद भी शराब भट्ठी खोलने में अडी हुई है। श्री बघेल ने बताया कि दुर्ग कलेक्टर को भी उन्होंने शराब भट्ठी नहीं खोलने आवेदन दिया है। और इस मुहिम में वे पुरी तरीके से शराब भट्ठी नहीं खोलने की दिशा में सहयोग करने तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्रांतर्गत खुडमुड़ा वार्ड कं. 05 नदी के पास में शराब दुकान खुलने वाला है। नदी के पास खुडमुड़ा वासीयों का निस्तारी, श्मशान घाट एवं प्राचीन शिव मंदिर है। उक्त क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने से अपराध और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, युवाओं और बच्चों पर शराब के दुष्प्रभाव होगा एवं क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक स्थिति में गिरावट होगी।

### नगर पंचायत अध्यक्ष मिले भूपेश से



**पाटन।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में प्रस्तावित शासकीय शराब भट्टी को बंद कराने अब अमलेश्वर के भाजपा कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पाटन के रेस्ट हाउस में सौजन्य भेंट मुलाकात कर समर्थन मांगा है। नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने अमलेश्वर में खुल रही शासकीय शराब भट्टी के बारे में श्री बघेल को विस्तृत जानकारी दी साथ ही विरोध प्रदर्शन के लिए समर्थन भी मांगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुडमुड़ा में शासकीय शराब भट्टी खोलने की तैयारी कर रही है। जिसका विरोध पूरा गांव एकजुट होकर कर रहे हैं। बड़ी संख्या में महिला पुरुष पंडाल लगाकर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर अपने पार्षदों के साथ शराब भट्टी के विरोध में खड़े हुए हैं। लगातार सांसद विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को प्रतिवेदन भी दिया जा रहा है। मौके पर ग्राम प्रमुख रामकुमार सोनकर, पार्षद भेज लाल सोनकर ,दीपक धिंडोड़े खुबिराज सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि रामकुमार साहू ,भाजपा नेता धर्मेंद्र सोनकर सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि कमलेश नेताम भेद प्रकाश सहित अन्य लोक मौजूद रहे।

## अंचल की खबरें

### ननकट्ठी से निकली कांवड़ यात्रा, जुटे ग्रामीण



**ननकठठी।** ग्रामवासियों एवं परिक्षेत्रीय निषाद समाज के सहयोग से श्रावण मास में डीजे की धुन पर शिवभक्तों ने काँवड़ लेकर भुईंफोड़ सहस्त्रेश्वर महादेव मंदिर कोड़िया से जलाभिषेक के लिए प्रस्थान किया। दूसरे वर्ष ग्राम अरसनारा, करंजा भिलाई ,बोरी ,एवं अहेरी से निषाद समाज की महिला एवं पुरुष कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। निषाद समाज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद के मार्गदर्शन मे प्रारम्भ इस कांवड़ यात्रा में आर्थिक सहयोग परिक्षेत्रिय निषाद समाज के पदाधिकारी महावीर निषाद, सचिव, बुधराम निषाद उपाध्यक्ष, डॉ सगनूराम निषाद, सीताराम निषाद, नारद निषाद अहिवारा, यशवंत निषाद, धुरवा राम निषाद, महिलाओं में ठगिया, करुणा साहू ललिता, भागबती, कौंति साहू एवं ग्राम के महिलाएं,पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए।

### सर्पमित्र का सम्मान किया ग्रामवासियों ने



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत थनौद में नागपंचमी पर सर्प मित्र पप्पू देशमुख का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच ग्राम पंचायत थनौद मेनका दिनेश देशमुख, उपसरपंच मनीष धृतलहलरे, गिरधर कुंभकार, लुकेश चक्रधारी, शैलेश देशमुख, मजीद मोहम्मद और भीष्म देशमुख ने देशमुख का सम्मान शॉल व श्री फल से किया। सरपंच मेनका दिनेश देशमुख ने कहा कि गांव में बेहतर कार्य करने वालों का सम्मान पंचायत द्वारा किया जाएगा।

### कलार समाज ने किया पौधारोपण



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ कलार समाज नगर इकाई कुम्हारी के नेतृत्व मे कलार समाज ने हरेली पर कृष्ण कुंज मे 30 से अधिक पौधे लगाए। इस मौके पर भोजराम सिन्हा, रामगोपाल सिन्हा, गंगाप्रसाद सिन्हा, हीरा सिन्हा, टुमन सिन्हा, मुकुंद सिन्हा, तिलक सिन्हा, सोनू सिन्हा, द्रोण सिन्हा एवं युवराज सिन्हा सम्मिलित हुए।

### स्कूली बच्चों ने जाना नाग पंचमी का महत्व



**सेलूद।** पाटन विकास खंड के शासकीय प्राथमिक शाला मटंग में बच्चों ने नागपंचमी धूमधाम से मनाया। इस दौरान बच्चों ने पेलपात्र, दूध से पूजा अर्चना की। नागपंचमी के महत्व पर शिक्षक महेन्द्र कुमार मिथलेश ने बताया कि श्रावण माह के शुक्ल पक्ष में पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाई जाती है इसलिए इसे 'नाग पंचमी' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। इस अवसर पर कुश्ती व कब्बडी खेल का आयोजन किया गया। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में सरपंच अमित हिरवानी , बलराम वर्मा और धरोहर प्रसाद टोडर सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

### पूर्व सभापतियों ने किया क्षेत्र निरीक्षण

**अंडा।** जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख एवं जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि के रूप में विक्की मिश्रा ने बारिश को ध्यान में रखते हुए नदी किनारे के गांवों का निरीक्षण किया I इस दौरान उन्होंने तिरगा, झोला, आलबरस, अछोटी ,चिंगरी भरदा, कोनारी, पीछेगाव आदि ग्रामो का भ्रमण किया। भ्रमण पश्चात उन्होंने जिला प्रसाशन को आगाह करते हुए नुक्सान होने से पहले राजस्व, कृषि,पीएचई वानिकी, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों को सावधानी एवं उचित करवाई के लिए आग्रह किया है।




## बिजनेस साइट

### ब्रेन मैपिंग की मदद से हो रहा 'मस्तिष्क और नसों' का बेहतर इलाज

**भिलाई।** एडवांस्ड न्यूरो माइंड क्लिनिक सौभाग्य काम्प्लेक्स, बस स्टैंड दुर्ग के संचालक व न्यूरो साइकेट्रिस्ट डॉ. प्रशांत अग्रवाल का कहना है कि ब्रेन मैपिंग मशीन से छत्तीसगढ़ के न्यूरो-ब्रेन (मस्तिष्क) डिसऑर्डर के मरीजो की बीमारी का सटीकता से पता चल रहा और उनका इलाज बेहतर तरीके से किया जा रहा। डॉ प्रशांत ने बताया कि अब तक उनके क्लिनिक में 100 से भी ज्यादा मरीजों की ब्रेन मैपिंग की जा चुकी है और ज्यादातर मरीजों के मस्तिष्क में काम ठीक से ना करने की समस्या सामने आई है। कुछ मरीजों को हल्का स्ट्रोक, पैरालिसिस के शुरुवाती लक्षण तो कुछ को ब्रेन की तरंगे धीमी पाई गयी जिस से डिप्रेशन, मिर्गी जैसी समस्या मरीजो उत्पन्न हो रही थी। कुछ मरीजों ने कुछ ऐसी दवाइयों का लम्बे समय से सेवन किया था जिससे उनके मस्तिष्क की तरंगे धीमी होने लगी थी जिस से उनकी यादाश्त कमजोर होने लगी थी। कई बच्चो के ब्रेन मैपिंग में मिर्गी के शुरुवाती लक्षण तो कुछ को जन्म से मस्तिक्ष में गड़बड़ होने का पता लगा। डॉ अग्रवाल का कहना है यदि किसी भी व्यक्ति को सर में दर्द, झटका-मिर्गी, भूलने या हाथ पैरो में सुन्न पन, ज्यादा गुस्सा या नींद ना आने की शिकायत है तो उन्हें बिना विलंभ किये न्यूरो साइकेट्रिस्ट से सलाह जरुर लेना चाहिए। न्यूरो साइकेट्रिस्ट डॉ. प्रशांत ने अपनी चिकित्सा शिक्षा देश की उत्कृष्ट संसथान पि.जीआई चंडीगढ़-एम्स, दिल्ली से प्राप्त की है, और वो दुर्ग-भिलाई के सबसे अनुभवी न्यूरो-मनोचिकित्सक है।





### बीएम कॉलेज और बीएम आईटीआई दुर्ग में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** बीएम कॉलेज गोकुल नगर पुलगांव दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है। जिसके अंतर्गत-बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज कोड-114336 है। बीएड प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग के द्वारा होगी। संस्था में उपलब्ध सुविधाएं एसी लैब, क्लासरूम एवं वाई-फाई केंपस। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। बीएम कॉलेज की स्थापना सन 2008 में हुई है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है I फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की डिमांड नगर-निगम, रेलवे तथा बड़े-बड़े मॉल्स, हॉस्पिटल, रिफाइनरी फैक्ट्री तथा अन्य एवं हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर की डिमांड नगर निगम तथा रेलवे डिपार्टमेंट में है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बजट के अनुसार राज्य के 10 जिलों में फायर स्टेशन की स्थापना होना है। जिसमें दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिला भी शामिल है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं।




# नागपंचमी पर भक्ति भाव से रुद्राभिषेक और कालसर्प दोष पूजन के साथ महामृत्युंजय जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नागपंचमी पर जामगांव आर कला मंच बाजार चौक में मंगलवार को संगीतमय विशाल रुद्री पाठ, रुद्राभिषेक, काल सर्प दोष पूजन एवं महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा सपत्नीक श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा के साथ जामगांव आर पहुंचे और रुद्राभिषेक किए। इस आयोजन में आचार्य आकाश शास्त्री आचार्य शेषनारायण चौबे भगवताचार्य संतोष शर्मा उमाशंकर शुक्ला , माधव महाराज, आदित्य पांडे, अभिषेक शर्मा, नवीन शर्मा, पंडित कान्हा, सिद्ध महाराज और तुषार महाराज आदि का सानिध्य शिव भक्तों को प्राप्त हुआ। स्वागत भाषण देते हुए सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने शिव भक्ति पर प्रकाश डाला। संस्कृत भारती संगठन मंत्री हेमंत साहू ने संस्कृत की महता पर प्रकाश डाला।आचार्य नरेंद्र साहू ने जामगांव आर में सतत चल रहे संस्कृत पाठशाला में स्वमेव रुचि लेकर जीवन में संस्कृत की महत्ता को समझने का आव्हान किया। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि धर्म की वातावरण बनने से संस्कार की गंगा बहती है जो संकल्प के



साथ आगे बढ़ते है उनको मंजिल दिलाने में ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। जनपद सभापति प्रणव शर्मा ने कहा कि धर्म से सदबुद्धि आती है। इस दौरान खल्लारी विधानसभा के छाया विधायक मोनिका साहु का स्वागत जनपद सभापति प्रणव शर्मा, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, समाजसेवी कामता प्रसाद साहू, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला, किशोर साहू, सेजस,अंगेश्वर साहू, शैलेंद्री मंडावी, नंदिनी साहू, मीरा चंद्राकर, इवन सिन्हा और नरेंद्र साहू सहित शिव भक्त उपस्थित रहे।

### बोल बम यात्रा भाईचारे का संस्कारित संदेशः साहू

**जामगांव आर।** बोल बम समिति अरमरी खुर्द के तत्वाधान में कावरियों का जत्था श्रावण अरमरीखुर्द से निकला। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने इस यात्रा को रवाना किया। इस दौरान अजय कुमार साहू जनपद सदस्य पाटन, गौतमचंद चौरडिया, देवकी साहू सरपंच, रेवाराम साहू गातापार,ऐमन आठे सरपंच बटरेल, एस आर साहू, वी आर साहू, प्रेमलाल साहू, देवेंद्र साहू, कपूर साहू, उमाशंकर साहू और रेवाराम साहू मंचासिंन रहे। भक्तों की यात्रा सफल रही। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि धर्म हमे जीवन को संस्कारमय जीवन जीने की कला सिखाता है भाईचारा से रहना सिखाता है औरों के लिए भी जीना सिखाता है। इस अवसर पर- गजेंद्र प्रसाद साहू ,संतोष साहू, बेदराम साहू , विश्राम, नीलम साहू, रेखा साहू पंच, धनेवरी, पंच ताकेश्वरी पंच, योगराज साहू, पुनेश्वर, दूजराज, टीकाराम, भोलेराम, ज्वालाप्रसाद आदि उपस्थित थे।



### पृथ्वी का संतुलन बनाने में महती भूमिका निभाते हैं नागदेवता



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में नाग पंचमी उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियो ने गीत भजन के साथ नाग पंचमी उत्सव पर प्रकाश डाला। नाग देव से जुड़ी राजा परीक्षित की घटना भी सुनाई गई।टिकेश्वरी दशम ने भजन सुनाया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रभारी दिव्या चंद्राकर ने कहा कि नाग देव पृथ्वी का संतुलन बनाने में महती भूमिका निभाते है। इस अवसर पर हाथेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, परमानंद टंडन, कल्पना साहू, काजल धनकर, दिव्या आदि उपस्थित थे।

## विचक्षण जैन विद्यापीठ में मना कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

विचक्षण जैन विद्यापीठ में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के साथ-साथ अतिथियों ने भी भाग लिया।



■ देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के दो पूर्व सैन्यकर्मी स्टाफ सदस्य ओ.पी. सिंह एवं अखिलेश शर्मा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। दोनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए देश के प्रति प्रेम, समर्पण और अनुशासन की भावना को छात्रों के मन में जागृत किया। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही कल के सच्चे राष्ट्र निर्माता होंगे।

इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ए.पी. सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को उनके तीन प्रमुख कर्तव्यों , माता-पिता, विद्यालय और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों, को गंभीरता से निभाने का संदेश दिया। उद्बोधन पश्चात छात्रों ने कारगिल युद्ध पर आधारित एक भावनात्मक नाटक का मंचन किया, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों की आंखें नम कर दी। इसके बाद छात्रों द्वारा एक देशभक्ति नृत्य और राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी , जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस कार्यक्रम ने न केवल कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि छात्रों के मन में देश के प्रति सम्मान और सेवा भावना को भी प्रबल किया।

# घटिया निर्माण की पोल खुली, डोम शेड का कॉलम उखड़वाया



**कॉलम के सरिया में भी खेल**

कॉलम एवं बेस के लिए सरिया नियमतः 12 एम.एम. का होना चाहिए किन्तु ठेकेदार ने 8 एम.एम. और 10 एम.एम. के मिक्स सरिया का उपयोग किया था। ठेकेदार की इस मनमानी पर भी अभियंताओं ने जमकर फटकार लगाई।

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

रिसाली निगम में डोम शेड निर्माण में बड़ी धांधली उजागर हुई है। दस मीटर ऊंचाई वाले डोम शेड को खड़ा करने के लिए महज दो फीट गहराई में बेस दिया गया और कॉलम खड़ी कर दिया। कॉलम में भी सरिया मिक्स इस्तेमाल किया। मामले की जांच अभियंताओं से करवाई गई तो घटिया निर्माण की पोल खुली निगम आयुक्त रिसाली मोनिका वर्मा को पूरा कॉलम ही उखवाड़ा पड़ा। इस घटिया निर्माण पर निर्माण एजेंसी दीवान कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी किया गया है।

## दस मीटर ऊंचाई वाले डोम शेड की नींव मात्र 2 फीट गहरी मिली

### इंटरनेशन कॉलोनी तालपुरी में चल रहा निर्माण

इंटरनेशनल कॉलोनी बी ब्लाक तालपुरी में निर्माणाधीन डोम शेड के कॉलम को न केवल उखड़वाया बल्कि नए सिरे से कॉलम व बेस बनाने के निर्देश दिए है। जांच में घोर लापरवाही होने में निर्माण एजेंसी दीवान कंस्ट्रक्शन के संदीप साहू के सामने जेसीबी की मदद से डोम शेड निर्माण के लिए खड़े किए 10 कॉलम को उखाड़ कर नए सिरे से कॉलम तैयार करने के निर्देश दिए।

### ऐसे हुआ खुलासा

आयुक्त मोनिका वर्मा निर्माण कार्यो को समय अवधी में पूरा करने अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में प्रस्तुत सूची के आधार पर ही आयुक्त मौके पर पहुंची। तालपुरी बी ब्लाक में डोम शेड के लिए तैयार किए जा रहे कॉलम को देखने के बाद आयुक्त ने तत्काल सहायक अभियंता समेत उप अभियंता को मौके पर उपस्थित होकर जांच के निर्देश दिए।

### 5 फीट गहराई का दावा, जांच में 2 फीट

तालपुरी बी ब्लाक में स्थित क्लब हाऊस के पास 15 मीटर बाई 10 मीटर डोम शेड का निर्माण कार्य करने कार्य आदेश जारी किया गया है। इस कार्य के लिए निर्माण एजेंसी ने डोम शेड के लिए लोहे का पिल्हर खड़ी करने बेस तैयार किया था। बेस की गहराई 5 फीट से अधिक होना था, किन्तु जांच में गहराई दो फीट निकली।

### 20 लाख का कार्य आदेश की भी जांच

निगम ने दीवान कंस्ट्रक्शन को इंटरनेशनल कॉलोनी क्लब हाऊस के पास कार्य करने 20 लाख का कार्य आदेश जारी किया है। इस कार्य आदेश में हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं क्लब हाऊस के पास डोम शेड निर्माण कार्य को दीवान कंस्ट्रक्शन के संदीप साहू ने कुछ दिन पूर्व शुरू किया है। डोम शेड की लागत लगभग 8 लाख होना बताया गया। आयुक्त वर्मा ने प्रत्येक निर्माण कार्य को सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दिए है।

**खबर संक्षेप**

### गुणवत्ता कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना स्पर्धा का आगाज



**भिलाई।** बीएसपी के व्यवसायिक उत्कृष्टता विभाग ने मानव संसाधन विकास केंद्र में तक गुणवत्त पर तीन दिवसीय कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता का उद्घाटन तापस दासगुप्ता ने किया। सीजीएम संदीप माथुर व महाप्रबंधक मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि थे। सूत्रधार ग्रुप द्वारा सुरक्षा पर आधारित लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में संयंत्र से क्यूसी, एलक्यूसी और 5 -"एस" की कुल 74 टीमें इस वार्षिक इन-हाउस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो इस वर्ष पांच अलग-अलग स्ट्रीम में आयोजित की जा रही है, जिसमें तीन प्लांट लेवल क्वालिटी सर्कल के लिए, एक लीन क्वालिटी सर्कल के लिए, और एक 5-एस स्तरों के लिए प्रतियोगिता शामिल है। तापस दासगुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ी हुई भागीदारी अपेक्षित है, क्योंकि इससे कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है और कार्य कुशलता बढ़ती है।

श्री माथुर ने कहा की पिछली बार 52 टीमों ने भाग लिया था वहीं इस बार 74 टीमों ने भाग लिया है, जो इसके महत्व को दर्शाता है। मनोज कुमार ने गुणवत्ता-कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता के महत्व पर बात की। उप महाप्रबंधक पीके साहू व रवि कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया व उप-प्रबंधक सुरैय्या एस कादर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एमआईसी की मंजूरी व पूर्व कलेक्टर के आश्वासन बाद भी भिलाई नगर स्टेशन में शिफ्ट नहीं हुई मंडी

# आकाशगंगा सब्जी मंडी बनी ट्रेंचिंग ग्राउंड बारिश में कारोबार करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

नगर निगम भिलाई और जन प्रतिनिधियों की उदासीनता की कीमत अंचल के सबसे बड़े सब्जी मार्केट आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला के व्यवसायियों को चुकानी पड़ रही है। आसपास बसाहट व व्यवसाय बढ़ने के साथ मंडी के लिए जगह छोटी पड़ने के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड में तब्दील होती जा रही है। बारिश में व्यवसाय करना मुश्किल होता जा रहा है। पिछले लंबे समय से सब्जी मंडी को शिफ्ट किए जाने की व्यवसायियों की मांग की बाद भी नगर निगम उदासीन बना हुआ है। आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी समिति ने मंडी की बुनियादीय समस्याओं के निदान के साथ जल्द शिफ्ट किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992 में तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल के कार्यकाल में पावरहाउस से आकाशगंगा में सब्जी मंडी को स्थानांतरित किया गया था। इसे राज्य की सबसे बड़ी मंडी के रुप में विकसित किए जाने की घोषणा की गई थी। थोक व्यवसायियों की तादाद 25 से बढ़कर 2 सौ हो गई है। इस दौरान व्यवसाय और आसपास बसाहट बढ़ने के साथ मंडी छोटी पड़ने तथा बुनियादी समस्याओं के बढ़ने से मंडी समिति द्वारा भिलाई नगर स्टेशन के निकट शिफ्टिंग की मांग की जा रही है। व्यवसायियों ने बताया ननि के 2022-23 के बजट में शिफ्टि। कई बार कलेक्टर मीणा के 6 माह में शिफ्टिंग के आश्वासन व जन प्रतिनिधियों वादे के बाद भी परिणाम शिफर है। पिछले 10 साल से बुनियादी सुविधाओं के बदतर होने से सब्जी व्यवसायियों के लिए व्यवसाय करना बेहद कठिन हो रहा है। लेकिन निगम व जन प्रतिनिधि अकर्मण्य बने हुए हैं। मंडी में बजबजाती गंदगी, नाली, सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, कब्जे, प्रसाधन, पार्किंग आदि की समस्या लाइलाज बनी हुई है।



### ननि का बाउंड्रीवाल कचरे से अटा

आकाशगंगा सब्जी मंडी में अस्वस्छता की सबसे बड़ी समस्या है। चारों ओर भारी कचरे से गंदगी व बदबू के चलते मंडी किसी ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह नजर आती है। व्यवसायियों ने बताया कि निगम की बाउंड्री के पास निगम कचरा फेर रहा है। बजबजाती नालियां व सड़कें जर्जर होने से बारिश में जलजमाव की समस्या है। कई स्ट्रीट लाइट खराब होने से चोरी व छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। पार्किंग नहीं होने से ट्रकें आदि गाड़ियों को ओवरब्रिज के निकट हाइवे में खड़ी करना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस की चालानी कार्रवाई से व्यवसायी परेशान हैं। लोडिंग अनलोडिंग की भी भारी परेशानी हो रही है। प्रसाधन नहीं होने से महिलाओं को असुविधा हो रही है, बोरिंग की समस्या से पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

### कब्जों को लेकर उदासीन

सब्जी मंडी में अवैध कब्जे की भी समस्या बढ़ रही है। व्यवसायियों ने बताया कि कब्जो को लेकर नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। वहीं आवारा मवेशियों की घुसपैठ से कई हमाल, रेजा व कर्मचारी घायल हो चुके हैं। सब्जी मंडी की सभी समस्याओं का जल्द निगम निदान करे । पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भसीन के विधायक निधि से मंडी में मोटरपंप लगाया गया था, जिसे कब्जाधारी ने तोड़ दिया है। मंडी के भिलाई नगर स्टेशन निकट जल्द शिफ्टिंग से ही व्यवसायियों को समस्याओं से निजात मिलेगी। इससे व्यवसायियों और मंडी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। मंडी में सुबह 4 घंटे तक भीड़-भाड़ रहती है।

### शिफ्टिंग में मिले सभी का सहयोग

आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी में बढ़ रही बुनियादी समस्याओं के कारण बारिश में व्यवसाय करना दूभर होता जा रहा है। परेशानियों को देखते हुए नगर निगम, जिला प्रशासन, शासन तथा जन प्रतिनिधियों से सब्जी मंडी को जल्द भिलाई नगर स्टेशन में स्थानांतरित करने में मदद की अपेक्षा है। शिफ्टिंग तक यहां सफाई व पार्किंग सहित सभी समस्याओं का निदान कराया जाए। **-रवि सिंह** अध्यक्ष, आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी समिति

### सुपेला सब्जी मंडी अवैध दुकान तोड़ने पहुंची निगम की टीम, बैरंग लौटी



**भिलाई।** सुपेला में संचालित आकाशगंगा सब्जी मंडी में बेजा कब्जा करके दुकान संचालित किए जाने के मामले में भिलाई नगर निगम के जोन 1 के राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला कार्रवाई करने पहुंचे। निगम के अधिकारी ने पूरे मामले को समझा और माना की नारायण सिंह वेजिटेबल कंपनी (एनवीसी) के संचालक अमित सिंह ने पार्किंग और निगम के प्याऊ वाली जगह पर कब्जा करके बांस बल्ली से अवैध दुकान बना ली है। अजय शुक्ला ने मंडी स्थल से अमित सिंह को फोन लगाया और दुकान पर बुलाया, लेकिन वो वहां नहीं पहुंचा। अजय शुक्ला ने इसके बाद जोन 1 आयुक्त को इसी जानकारी दी। जोन आयुक्त के निर्देश पर अब निगम की टीम एनवीसी के संचालक को अवैध दुकान बनाने के संबंध में नोटिस देकर जवाब मांगेगी। यदि वो आवंटन से संबंधित दस्तावेज नहीं दे सका तो निगम की टीम उसकी दुकान को तोड़ देगी। दोबारा वहां कब्जा करने पर उसके खिलाफ जुर्माने की भी कार्रवाई जाएगी।

■ राजस्व अधिकारी ने कब्जे का किया निरीक्षण

## पंजीयन अवधि तक बीएसपी मान्य करें कॉन्ट्रेक्टर का गेटपास

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

स्टील प्लांट कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने एक बार फिर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से लंबित समस्याओं के निदान की मांग की है। पीवीसी लागू करने और गेट पास संबंधी मांगों के निदान पर जोर दिया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्यक्ष केए अब्दुल कादर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के जीएम जेएन ठाकुर और विकास चंद्रा के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ठेकेदारों के गेटपास की अवधि को पंजीयन तक बरकरार रखने, कांट्रेक्ट शेड्यूल रेट (सीएसआर) के आधार पर कार्य देने और प्राइस वेरिएशन क्लॉज (पीवीसी) लागू करने की मांग की। एसोसिएशन ने एचएससीएल के बजाए पंजीकृत ठेकेदारों से ही बीएसपी में ठेका मजदूरों की आपूर्ति की मांग रखी। विभागीय अधिकारियों ने सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। अब्दुल कादर ने बताया कि बैठक में मुद्दों पर चर्चा हुई और जल्द ही बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र से भी चर्चा की जाएगी। बैठक में एसो. ने मांग की कि रेलवे, सीपीडब्लूडी और बीएसएनएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों की तरह सेल-बीएसपी में भी कांट्रेक्ट शेड्यूल रेट (सीएसआर) के आधार पर काम दिया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने इस दौरान विद्युत, यांत्रिक, सिविल और रिफ्रेक्टरी दर अनुबंधों (रेट कांट्रैक्ट) के पैनलीकरण और वितरण में अनियमितताओं की शिकायत की और सब लेटिंग सिस्टम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई। एसोसिएशन ने लॉटरी सिस्टम से टेंडर खोलने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें पारदर्शिता का अभाव है। एसोसिएशन ने एचएससीएल के माध्यम से श्रमिकों की आपूर्ति का विरोध करते हुए मांग की कि इस प्रथा को रोका जाए और ठेका श्रमिकों की आपूर्ति बीएसपी के पंजीकृत ठेकेदारों के माध्यम से ही की जाए। एसोसिएशन ने ठेका मजदूरों की मेडिकल जांच निजी संस्थानों के बजाए शासकीय ईएसआई अस्पतालों के माध्यम से करवाने की मांग की। साथ ही मांग की कि जो ठेकेदार वर्तमान में कार्यरत हैं, उनके नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और स्ट्रीम लाइन प्रक्रिया को न्यूनतम किया जाए। बैठक में महासचिव सीके मोहन सहित तुलसी धरण पिल्लई, केए अंसार, वी किशोर, आरएस कुरूप, बलराम यादव, मोहन राव उपस्थित थे।

■ स्टील प्लांट कॉन्ट्रेक्टर एसो. ने बीएसपी के महाप्रबंधक के साथ की बैठक

## पार्षद मिश्रा ने की आरटीई में अपात्र बच्चों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

जोन 2 सेक्टर 11 भिलाई में आरटीई के दस्तावेजों को बिना परीक्षण निरस्त करने की जांच की मांग की है। स्थानीय पार्षद पीयूष मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी शिकायत की है। पार्षद की शिकायत पर सहायक नोडल अधिकारी मणिकांत साहू को जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर फिर से ऐसे बच्चों के दस्तावेजों की जांच करने कहा है। पार्षद मिश्रा ने कहा है कि मेरे वार्ड में 16 ऐसे गरीब बच्चों को निजी स्कूल में प्रवेश इसलिए नहीं मिला क्यों कि सहायक नोडल अधिकारी द्वारा उनके दस्तावेजों के हिसाब से सही सर्वे की नहीं किया गया। इनमें से कई बच्चों के माता पिता को पीएम आवास मिला है। उन्हे रिजेक्ट कर दिया गया। जब पालक कलेक्टर के पास शिकायत करने पहुंचे तो अधिकारी उन्हे धमकाने लगे। वर्ष 2007-08 के सर्वे आधार पर दादा का नाम है उसे अपात्र कर दिया। इस शिकायत के बाद कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। निर्देश के बाद डीईओ ने कहा है कि आवेदक बच्चों का स्थल पर भौतिक परीक्षण करें। संबंधित प्रपत्रों की फिर से जांच कर प्रस्तुत करें।

■ सहायक नोडल अधिकारी द्वारा जांच में लापरवाही

■ डीईओ ने कहा दस्तावेजों की करें जांच

# मनोज राजपूत ने सरेंडर किया पासपोर्ट

## कहा-साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाया, पुलिस करे निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

नेहरू नगर भिलाई निवासी बिल्डर मनोज राजपूत ने बताया कि पासपोर्ट मामले में उसे जबरन फंसाया जा रहा है। उन्होंने पहले पासपोर्ट सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके रिश्तेदार जीआरपी से सेवानिवृत्त कर्मी वसुंधरा नगर निवासी जगतपाल सिंह ने मकान बनाने और बेटी की शादी के लिए 15 लाख रुपए उधार लिए थे। इसके अलावा दीपक नगर संचालक ड्रीम पैलेस व देवभूमि लेआउट राजेश बिहारी के साथ मिलकर छवि को खराब करने साजिश रची। जबकि राजेश सिंह ने बिल्डर मनोज राजपूत से 50 लाख रुपए का जमीन का सौदा के लिए चेक लिया। इसके बाद जमीन का रजिस्ट्री नहीं कराई, बल्कि रकम तक वापस नहीं की। मनोज ने इस पर धोखाधड़ी का आरोप राजेश पर लगाया है। जिसकी शिकायत आईजी, एसएसपी, थाना मोहन नगर में की गई है। बिल्डर मनोज राजपूत ने बताया कि राजेश बिहारी षड्यंत्रकारी है। व्यावसायिक प्रतिद्वंता के कारण जगतपाल के साथ मिलकर झूठा केस दर्ज कराया है। पासपोर्ट जगतपाल सिंह ने खुद अपने प्रभाव से बनवाया था। इसकी जानकारी तक पीड़ित को नहीं थी।



■ फर्जी पासपोर्ट का मामला उलझा, जांच में होगा खुलासा

### 22 जुलाई को मिल चुकी है मामले में अग्रिम जमानत,प्रशासन से की शिकायत

मनोज राजपूत ने कहा कि जब उन्हें पासपोर्ट को लेकर जानकारी मिली तो उन्होंने स्वेच्छा से पासपोर्ट को सरेंडर कर दिया। न्यायालय ने 22 जुलाई को अग्रिम जमानत दी। जगतपाल सिंह जो खुद को रिश्तेदार बताता है। समय-समय पर कानूनी दबाव बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करता है। उन्होंने बताया कि जगतपाल सिंह 2024 में विवाद करने आफिस भी पहुंचा था। जगतपाल सिंह ने बिल्डर मनोज राजपूत ने प्रशासन और न्यायालय से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**सीधी बात** सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाईनगर

सवाल : बिल्डर मनोज राजपूत को क्या मानते हैं?
जवाब उसके खिलाफ अपराध दर्ज है, जांच जारी है।
सवाल : पासपोर्ट वह नहीं बनाया है बोल रहा है ?
जवाब पासपोर्ट ऑफिस से जानकारी मिली है।
सवाल : पासपोर्ट बनाने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन कैसे हो गया?
जवाब पुलिस चेक करने के लिए जाती है।

## क्रेडा में 3 प्रतिशत कमीशन की शिकायत, विधायक ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) में कमीशनखोरी के आरोप लग रहे हैं। क्रेडा में काम करने वाले वेंडर्स ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से की है। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार समेत क्रेडा इकाई के वेंडर्स के मुताबिक कमीशन की मांग की जा रही है। वेंडर्स ने ब्लैक लिस्टेड करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। शिकायत की कॉपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शिकायत नामजद की गई है।



कांग्रेस विधायक देवेंद्र ने सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार आखिर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। प्रदेश के मुखिया को भी कमीशन पहुंच रहा है। जानकारी के मुताबिक क्रेडा अध्यक्ष और उनके निजी सहायक के खिलाफ वेंडर्स ने 20 जून को शिकायत की थी। 1 जुलाई को इसे रिमार्क किया गया है। 8 जुलाई को इस मामले में मुख्यमंत्री सचिवालय ने जांच के निर्देश दिए हैं। जांच के साथ ही पूरी रिपोर्ट जनदर्शन की वेबसाइट में अपलोड करने के लिए कहा गया है।

■ शिकायत सोशल मीडिया में हो रही वायरल

## बंछोर ने 9 इंजीनियरों का बढ़ाया मनोबल

# ओए ने किया युवा अधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में चयनित युवा अधिकारियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेफी के चेयरमेन, एनसीओए के वर्किंग प्रेसिडेंट एवं आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष माइंस नितेश छत्री, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

9 नवनियुक्त एमटीटी का ओए की डायरी देकर स्वागत किया गया।




श्री बंछोर ने कहा कि आप जैसे ऊर्जावान युवा इंजीनियरों से बीएसपी के कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी उत्पादन की सोच सेल और बीएसपी को एक ऊँचाई प्रदान करेगी। सेल में वेतनमान लगभग सभी महारत्नों के बराबर है, जिसके लिए ओए-बीएसपी एवं सेफी ने लम्बा संघर्ष किया। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने सदैव ही अधिकारियों के मुद्दों के प्रति सजग रहा है और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किया है। परविंदर सिंह ने नवनियुक्त एमटीटी को शुभकामनाएं दी और आपने सेल ज्वाइन करने का जो निर्णय लिया है वो पूर्णतः उचित है। एमटीटी में आदित्य यादव, रंजीत शाह, कल्याणी वर्मा, तोनण लाल साहू, समीर नंदन, शैलेश तिवारी, अशोक सीएच, लुमेश कुमार देवांगन, वीएसएस पवन कुमार आदि शामिल थे। कार्यक्रम में ओए जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, राधाकिशुन, डीपीएस बरार, निखिल पेठे, अमित कुमार सिन्हा, बी एस मान, एस के मालवीय, पिजुष सेन, संतोष सिंह, एस सी साहू शोवन घोष, विजय कुमार देशमुख, राजेन्द्र मंत्री, श्रवण कुमार शुक्ला आदि मौजूद थे।

## संदिग्धों पर रखें नजर, सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ाई जाए सुरक्षाः आईजी



हरिभूमि न्यूज >> भिलाई

स्वतंत्रता दिवस को लेकर मंगलवार को आईजी रामगोपाल गर्ग ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने संदिग्धों पर नजर रखने और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। आईजी दफ्तर सभागार में हुई बैठक में एसएसपी विजय अग्रवाल, कमांडेंट आरपी एफ रमन कुमार, पुलिस अधीक्षक जीआरपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, बालोद एसपी योगेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे। गर्ग ने कहा कि रेलवे सुरक्षा, यात्रियों का विश्वास है। अपराध पर नियंत्रण और स्टेशन परिसर को सुरक्षित बनाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस के बीच बेहतर तालमेल से ही हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कैमरे की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

■ स्वतंत्रता दिवस को लेकर आईजी ने ली बैठक





रॉयल लुक के लिए स्टाइल कीजिये खूबसूरत डिजाइंस वाली प्री ड्रेप्ड साड़ी

**लाइव इवेंट**

## सावन महोत्सव में नाच-गाने की मस्ती, विजेता हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** संताजी सांस्कृतिक मंडल महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। उत्साह, उमंग, मस्ती, नाच, गाने के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऋचा सेन थीं। विशेष रूप से मिनल उमक, विनीता मिश्रा मौजूद थीं। ऋचा सेन ने कहा कि महिलाएं घर को ही नहीं अभी तो समाज को भी बनाती हैं। महिलाओं को वर्तमान समय में खुद के लिए भी समय निकालना चाहिए। सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए उन्हें आगे आना चाहिए। मीनल उमक ने कहा कि अपनी समाज के लोगों के बीच आना और आप सबसे मिलना मेरा सौभाग्य है। मुझे यहां सबसे अच्छा या लगा कि आप सभी आज उत्सव मनाते हुए अपनी परंपरा अपनी संस्कृति को याद कर रहे हैं और सभी महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में हैं। सब और हरियाली दिख रही है और हरियाली खुशहाली का प्रतीक है। अध्यक्ष निशा मलेवार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों कभी आभार प्रकट किया।

### स्पर्धा के विजेताओं का किया गया सम्मान

इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। तीज क्वीन कुंदा नौखरे, डांस सरीता कामडे, रेणू गभने, मिनाक्षी कामडे, कांचन साठवणे, रोमा रोकडे, गेम रेणू गभने, छाया साखरवाडे, भारती साकोरे, ममता देशमुख, हेमलता कामडे, उषा तलमले , सुनंदा समर्थ ने भजन गाया। मंच संचालन नम्रता कामडे ने किया। अनुश्री ने गेम खिलाया।

**सिटी इवेंट**

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़े 400 दोहे की किताब का भूपेश ने किया विमोचन



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज द्वारा राऊत नाच, गोवर्धन पूजा, मातर, देव उठनी एकादशी, माघी पूर्णिमा, मडई मेला में यादवों द्वारा गाए जाने वाले 800 दोहो का संकलन पत्रिका गहिरा-मड़ई का विमोचन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमत्री भूपेश बघेल ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश संयोजक और गहिरा गुरु राजेश यादव, कृष्ण भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट की अध्यक्ष संपादक करुणा यादव प्रमुख रूप से मौजूद थे। गहिरा गुरु राजेश यादव ने कहा कि इस पुस्तक को प्रदेश के 40 लाख यादवों तक निशुल्क पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव ने 1 लाख और युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव ने इस पुस्तक को तैयार करने में 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने कहा कि अपने तरह का यह दुर्लभ संग्रह है। अब तक भाखा-बोली में ही ये दोहे प्रचलित हैं, जिनका संकलन कर इसे तैयार किया गया है। ताकि आने वाली पीढ़ी हमारी कला और संस्कृतिक को बेहतर तरीके से समझ सके।

**सिटी इवेंट**


## समृद्धि और राष्ट्र निर्माण की कामना के साथ 40 व्यापारी तीर्थ यात्रा पर रवाना

**भिलाई।** विकसित भारत के लिए व्यापारी तैयार हों, समृद्ध हों और व्यापार में निरंतर वृद्धि करें। इसी मंगल भावना के साथ 40 व्यापारियों का दल तीर्थ यात्रा पर रवाना हुआ। श्रद्धा और भक्ति के भावों से ओत-प्रोत यह यात्रा बोलबम देवघर,अयोध्या के राम दरबार एवं प्रयागराज के पावन तीर्थ स्थलों तक जाएगी। चेंबर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि यह तीर्थयात्रा सिर्फ व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के व्यापारियों की समृद्धि, सुरक्षा, और सतत विकास की कामना के लिए है। अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने यात्रा पर अपने भाव रखे। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से भिलाई चेम्बर बोलबम की यात्रा का एक मात्र उद्देश्य होता है व्यापारी समुदाय की व्यापार उन्नति की कामना। इस अवसर पर सरोजनी पाणिग्रही, सुमन कनोजे, शंकर सचदेव, शिवराज शर्मा, दर्शन खटवानी, सविता शर्मा, टीना सातपुते सहित अन्य मौजूद थे।



**जयंती विशेष :** मुंशी प्रेमचंद की जयंती कल, साहित्यकारों ने कहा-उनकी कहानी आज भी प्रासंगिक

# साहित्यकारों ने कथा सम्राट मुंशीजी को किया याद, जिनकी 300 से ज्यादा रचनाएं दे रहीं प्रेम और सदभाव का संदेश



**अपनी जादुई लेखनी से स्वतंत्रता का अलख जगाने के साथ देश और समाज में सामाजिक चेतना जागृत करने वाले प्रख्यात कथा और उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की प्रासंगिकता और सार्थकता वर्षों बाद भी कम नहीं हुई है। उन्होंने नीर क्षीर दृष्टि से सृष्टि को बदलने के लिए जो विपुल साहित्य रचा, उससे उनकी पहचान विश्व साहित्य जगत में साहित्यिक दूत की तरह है। अपने कृतित्व और व्यक्तित्व से भारतीय समाज और देश की सामाजिक विसंगतियों, आर्थिक विषमता और राजनीतिक विद्रूपताओं को उजागर करने वाले कलम के सिपाही का जीवंत ग्राम्य चित्रण और यथार्थोन्मुख आदर्शवाद बदलाव के लिए एक आदर्श है। महज 56 वर्ष के जीवन में सोजेवतन से कफन और कर्मभूमि से रंगभूमि तक 3 सौ से अधिक प्रेरक कहानियां और पराधीन भारत के दस्तावेज के नाम से जाने जाने वाले 14 विश्व प्रसिद्ध उपन्यास लोकजागरण के लिए साहित्य संसार की अनमोल विरासत है। मुंशी प्रेमचंद की परंपरा के ट्विनसिटी के कथाकार कहानियों और उपन्यासों से प्रेम व सदभाव का संदेश दे रहे हैं।**

**विमल शंकर झा।** प्रेमचंद की परंपरा के साहित्यकारों को गर्व है कि उनके पास आज भटकाव, बिखराव और तनाव से ग्रस्त समाज को फिर से तंदुरुस्त करने के लिए उनकी हंस और जागरण जैसी पैनी दृष्टि और गोदान, ईदगाह, पंचपरमेश्वर तथा सेवासदन का जज्बा है। प्रेमचंद को हाजिर नाजिर मानकर साहित्य सृजन करने वाले ट्विनसिटी के प्रसिद्ध कथाकार कलम के जादूगर की रचनात्मक परिपाटी को समृद्ध करने के साथ अपने सृजनात्मक लेखन से देश में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। लोक जागरण की अनेक कहानियां और उपन्यास साहित्य फलक को देने वाले प्रसिद्ध कथाकार लोकबाबू, कैलाश बनवासी,ऋषि गजपाल और संतोष झांझी 4 दशक से अधिक समय से साहित्य सृजन कर रहे हैं, वरन राष्ट्रीय साहित्यिक संगठनों के जरिए भी बदलाव के लिए लोक चेतना जगा रहे हैं। कई साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित कथाकारों का कहना है कि पराधीन भारत को जानने के लिए प्रेमचंद को पढ़ना और उनके आदर्श साहित्य के अनुरुप समाज को गढ़ना जरूरी है।

आज निर्मम होते समाज में अमीरी गरीबी की बढ़ती खाई, बिगड़ता सद्भाव, राजनीतिक भटकाव, अभिव्यक्ति का संकट और तिरोहित होते सामाजिक मूल्यों के दौर में हमारे लिए कलम के सिपाही लाइट हाउस के तरह है। एक साहित्कार, शिक्षक, पत्रकार और चिंतक के रूप में उनकी प्रासंगिकता आज पहले से कहीं अधिक है।



### किसानों व मजदूरों के संघर्ष को दिया स्वर: लोकबाबू

कथाकार लोकबाबू अपनी कथा शैली और कथानक के लिए हिंदी साहित्य में जाने जाते हैं। उनका हालिया उपन्यास विश्व पुस्तक मेला दिल्ली में चर्चा में रहा है। बताते हैं कि पराधीन भारत के समाज और समय की पड़ताल करने वाले विश्व प्रसिद्ध कथाकाकर मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य में सर्वाधिक पढ़े जाने वाले साहित्यकार हैं। सरल भाषा व सहज कथाकार और समाज सुधारक के रुप में समाजिक चेतना जगाने वाले प्रेमचंद को हमारे देश में उस तरह सम्मान मिलना चाहिए, जिस तरह रूस में कहानीकार गोर्की और चीन में लूसून को मिला है। बीएसपी के सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक (शिक्षा विभाग ) कथाकार लोकबाबू पचास साल से अधिक समय से साहित्य सृजन कर रहे हैं। उनके 4 कहानी संग्रह टीले पर चांद, बोधिसत्व नहीं आए, जंगलगाथा और 3 उपन्यास अब लौ नसानी, डींग और जंगलगाथा प्रकाशित हो चुके हैं। पहल, वसुधा तथा कथादेश आदि पत्रिकाओं में रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं। छग प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष के रूप में भी साहित्यिक वातायन बनाते रहे। उन्हें मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा बागीश्वरी सम्मान, प्रमोद वर्मा सम्मान और मप्र रचना सम्मान आदि कई पुरस्कारों से से सम्मानित किया जा चुका है। लोकबाबू बताते हैं कि प्रेमचंद की यह प्रासंगिकता यह है कि उन्होंने देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों के शोषण के खिलाफ कर्मभूमि, कफन मिल मजदूर ईदगाह व कफन जैसी कई रचनाएं लिखीं। महाजनी सभ्यता आज कार्पोरेट कल्चर के रुप में उभर रहा है। सांप्रदायिकता उफान पर है। आर्थिक विषमता बढ़ रही है, ऐसे में अपने समय में तोता मैना और राजा रानी की परंपरा से हटकर जनता का साहित्य विकसित करने वाले प्रेमचंद की तरह साहित्यकारों को अपनी कलम को धार देने की जरुरत है।

### प्रेमचंद हिंदी साहित्य के मानसरोवर के कैलाश शिखर हैं: बनवासी



अपने जन साहित्य से संचेतना जगाने वाले दुर्ग के चर्चित कथाकार कैलाश बनवासी 4 दशक से प्रेमचंद की भावभूमि पर आज के परिवेश की रचनाएं लहलहा रहे हैं। बताते हैं कि प्रेमचंद हिंदी साहित्य के मानसरोवर के कैलाश शिखर हैं। पराधीन भारत को समझने व बेहतर समाज बनाने के लिए उनके उपन्यास गोदान, ईदगाह व पंचपरमेश्वर जैसी अनेक रचनाएं पढ़ना जरुरी है। प्रेमचंद कथा व वनमाली सम्मान, श्याम व्यास कथा सम्मान और गायत्री कथा सम्मान से पुरस्कृत संप्रति शाउमा विद्यालय दुर्ग तितुरडीह में व्याख्याता श्री बनवासी के कहानी संग्रह बाजार में रामधन, पीले कागज की उजली इबारत, जादू टूटता है, प्रकोप सहित 8 कहानी संग्रह और उपन्यास लौटना नहीं है, रंग तेरा मेरे आगे तथा सिनेमा भीतर सिनेमा प्रकाशित हो चुके हैं। कई कहानियां पहल,हंस आदि कई पत्रिकाओं में भी साया हुई हैं।कई कहानियां विभिन्न राज्यों के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। उनकी झुका हुआ गांव कहानी कन्नूर कालीकट केरल के विश्वविद्यालय व बाजार में रामधन कहानी एनसीईआरटी के पाठ्य पुस्तक में शामिल हैं। दिल्ली राज्य बोर्ड के नवमीं में जादू टूटता है व सोलापुर और गोवा में भी उनकी रचनाएं पढ़ाई जा रही हैं। जन संस्कृति मंच भिलाई के सचिव कैलाश बनवासी बताते हैं कि महान कथाशिल्पी प्रेमचंद अपनी लेखनी व व्यक्तित्व से भारतीय समाज के उत्थान के लिए अग्रदूत बने। वे मौजूदा शोषण, अन्याय, घृणा,असहिष्णुता, पाखंड के खिलाफ बेहतर समाज के लिए रास्ता दिखाते हैं।

### समानता व भाईचारे का संदेश: ऋषि गजपाल



कॉलेज के वक्त से कथायन करने वाले भिलाई के वरिष्ठ कथाकार ऋषि गजपाल की कहानियों का एक अलग अवामी मिजाज है। वे बताते हैं कि आज जब झूठ, दंभ और भ्रष्टाचार और अविश्वास बढ़ रहा है, ऐसे में प्रेमचंद आस्था,सामाजिक समानता और भाईचारे का संदेश देते हैं। उनकी नमक का दरोगा कहानी ईमानदारी का जज्बा जगाती है। भिलाई इस्पात संयंत्र (वायर एंड राड मिल) से सेवानिवृत्त सीनियर मैनेजरश श्री गजपाल के नकटा नाच और अन्य कहानियां, घंटियों का शोर और रफीक मियां के नागौरी जूते शीर्षांकित तीन कहानी संग्रह और 2 उपन्यास दुविधा में काया और लीम चौरा प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी रचनाएं कथादेश, अकार, अक्षरा, वसुधा बया आदि देश की की साहित्यिक पत्रिकाओं में भी छपती रही हैं। ऋषि गजपाल बताते हैं कि प्रेमचंद का साहित्य अमरत्व प्रदान करता है। हिंदी साहित्य जगत व समाज में उनकी कहानियां व विचार इस तरह घुलमिल गए हैं कि उनकी उनकी रचनाओं को आज भी मुहावरों और लोकोक्तियों की तरह इस्तेमाल किया जाता है। महाजनी शोषण और जातिगत भेदभाव के खिलाफ उनकी सदगति कहानी व लेख आज भी दिशा देते हैं। साहित्यकारों को साहित्य महज नेम एंड फेम के लिए नहीं बल्कि खुद के साथ समाज में बदलाव लाने के लिए सृजन करना जरूरी है। प्रेमचंद की तरह सरल व साहसिक साहित्य व सादगी, सहजता ही साहित्यकार को उसकी रचनाओं के साथ आम पाठकों में समरस करता है।



### समाज परिवर्तन के लिए कलम को दें धार : संतोष झांझी

अपनी बहुआयामी प्रतिभा से आधी सदी तक आधी आबादी का रचनात्मक प्रतिनिधित्व करने वालीं भिलाई की कथाकार संतोष झांझी प्रेमचंद से खासी मुतासिर हैं। उनकी कहानियों में भी बांग्ला, पंजाब और छग की आंचलिकता और स्त्री की व्यथा व संघर्ष बखूबी रुपायित होता है। उनकी और मुट्ठी खुल गई व गोदना मौजूदा माहौल में विभाजन की त्रासदी को बयां करते हुए पुनरावृत्ति को लेकर आगाह करती हैं। वे बताती हैं कि आज समाज में परिवर्तन और सदभाव के लिए प्रेमचंद का साहित्य बहुत प्रासंगिक है। ग्राम्य जीवन का जीवंत दस्तावेज हैं। साहित्यकारों व समाज के लिए गबन, निर्मला और प्रेमाश्रम एक सबक हैं। कथाकार के अलावा देशभर में वर्षों अभा कवि सम्मेलनों में बतौर कवयित्री शिरकत करने के साथ रंगमंच आभिनेत्री और गायिका जैसे कई किरदारों के लिए जानी जानी वाली श्रीमती झांजी उम्र को पीछे धकेलते हुए अभी भी एक कथाकार के रुप में कलम को लय दिए हुए हैं। उनके खाते में कहानी संग्रह परछाइयां, कथा नहीं, आई लव यू दादी, पराये घर का दरवाजा, वो गलियां वोर चौबारा के साथ नाटक ही नाटक नाट्य संग्रह भी है। कविता संग्रह हिरणी के पांव थम गए, अगर लौटे कभी मौसम, हथेलियों से फिसलता इंद्रधनुष सहित 14 किताबें उनकी प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें सुब्रत बोस स्मृति पुरस्कार और राष्ट्रपति से भी पुरस्कार मिल चुका है। कुछ कहानियों पर शोधार्थी पीएचडी कर चुके हैं। कथाकार व प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई की उपाध्यक्ष श्रीमती झांझी बताती हैं कि प्रेमचंद के देश की आजादी व शोषण मुक्ति के लिए रचे साहित्य की तरह साहित्यकार कलम चलाएं।

# दंत चिकित्सा शिक्षा शिविर में चिकित्सकों ने जाना आधुनिक इलाज, प्रयोग भी किए

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों के लिए दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अहमदाबाद से आए वक्ता डॉ. नीरज किनारीवाला ने आधुनिक पद्धति द्वारा रूट कनाल ट्रीटमेंट तथा इसमें प्रयुक्त नवीनतम उपकरण एवं तकनीक, ट्रीटमेंट के असफलता के कारणों पर व्याख्यान दिया। डॉ.नीरज ने प्रयोगशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को नई तकनीक एवं उपकरण से अवगत कराया। आयोजन का लाभ 70 डॉक्टरों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को मिला। आईडीए अध्यक्ष डॉ. फ़ातिमा खान, डॉ. दीक्षाली इंदुरकर, डॉ.आस्था श्रीवास्तव, डॉ. दीप्ति राठौर, डॉ. नावेद खान, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. साइली कुरैशी सहित अन्य मौजूद थे।



## इंडियन चैलेंजर कप कराटे चैम्पियनशिप में अविशी भट्ट को मिला गोल्ड मेडल

**भिलाई।** फिर साबित कर दिया कि मेहनत, समर्पण और लगन से कोई भी मंज़िल हासिल की जा सकती है। कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 9वीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप इंडियन चैलेंजर कप में भाग लेते हुए अविशी भट्ट ने गोल्ड मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ और भारत का नाम रोशन किया है।

- इस प्रतियोगिता में एशियाई देशों के लगभग 12 हजार खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, सूरीनाम, मलेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान और ओमान सहित 8 एशियाई देशों के लगभग 12,000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अविशी भट्ट की इस उपलब्धि पर पूरे भिलाई शहर और जिले में खुशी का माहौल है। स्कूल, समाज और खेल जगत के लोग उनकी इस सफलता की सराहना कर रहे हैं।



**शिवधाम सेक्टर-7 में महारुद्राभिषेक और भजन संध्या का आयोजन**

# आकर्षक लाइटों और नाव में गंगा आरती ने भक्तों को रमाया

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** शिवधाम तालाब सेक्टर-7 में श्रावण मास की पावन बेला में महारुद्राभिषेक, भजन संध्या एवं महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूरे दिन चला। एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का महामृत्युंजय रुद्राभिषेक किया गया।



### 1501 दीपों से सजी शिव आरती, विधि-विधान से हुई पूजा

इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को राम भक्त हनुमान, शिव तांडव और राधा कृष्ण की खूबसूरत झांकी के साथ देर रात तक भक्ति गीत में भक्त झूमते रहे। भक्त, लोक भक्ति संगीत और भजनों की संध्या में लल्लू महाराज ने झांकियों की प्रस्तुति दी। शाम 6 बजे भव्य महाआरती हुई। 1501 दीपों से सजी शिव आरती का दिव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर एक ही रंग की साड़ियों में 550 शिवधाम सेवा समिति की महिलाएं पहुंची। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, विधायक देवेंद्र यादव, उनकी मां पुष्पा यादव, धर्मेंद्र यादव, निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, मुकेश चंद्राकर, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी सहित अन्य पहुंचे।

### आकर्षण का केंद्र रही रंगीन लाइटें और नाव में गंगा आरती

आयोजन में तालाब परिसर पर की गई आकर्षक रंगीन लाइटिंग व तालाब में महा आरती लोगों में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शाम को 1501 महिलाओं व उपस्थित शिव भक्तों ने तालाब के किनारे सभी भक्तों ने महाआरती की। रायपुर के लल्लू महाराज द्वारा शाम को भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था। जिसमें राम भक्त हनुमान जी की झांकी, शिव तांडव की झांकी और राधा कृष्ण की खूबसूरत झांकी और भक्ति नृत्य लोगों में आकर्षण का केंद्र रहे।



सिटी इवेंट

## आध्यात्मिक साधना और ध्यान से मन होता है शांत



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड स्थित सियान सदन में सत्संग का आयोजन किया गया। जहां सारदा रामकृष्ण संघ द्वारा आध्यात्मिक साधनाओं के माध्यम से आंतरिक विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिपूर्ण गीतों, सामूहिक ध्यान जिसने संध्या को एक शांत और चिंतनशील वातावरण प्रदान किया। संघमित्रा टोकदार ने आज की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में आध्यात्मिक अनुशासन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवत गीता की शाश्वत शिक्षाओं और उनके दैनिक जीवन में व्यावहारिक प्रयोग को रेखांकित किया। इस संध्या का प्रमुख आकर्षण अंबिकापुर आश्रम के स्वामी तन्मयानंदजी का गूढ़ और सारगर्भित प्रवचन था। उन्होंने भगवद्गीता के उपदेशों के अभ्यास की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए गहरी श्रद्धा से विचार प्रस्तुत किए। स्वामी विवेकानंद के उद्धरणों के माध्यम से उन्होंने श्रोताओं को निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करने और राष्ट्र सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनका संदेश गहराई से गूंजा, और उन्होंने उपस्थितजनों से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की अपील की। समापन महामृत्युंजय जाप एवं भावपूर्ण भजनों और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

● बंगाली और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का समागम, कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजन

# सावन पर गूंजा रवींद्र संगीत और छत्तीसगढ़ी गीत, नाट्य कला का भी मंचन, 16 विशिष्ट अतिथि हुए सम्मानित

**भिलाई।** गीत वितान कला केंद्र के तत्वावधान में महात्मा गांधी कला मंदिर सभागार में हरेली एवं वर्षा मंगल सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की लोकसंस्कृति का अद्वितीय संगम एक ही मंच पर देखने को मिला। दोनों राज्यों की परंपराएं, संगीत, नृत्य और लोक जीवन की विविध रंगतें एक साथ सजीव हुईं, जिसने दर्शकों को समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव से अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रवींद्र नाट्यम वृक्षारोपण पर आधारित वर्षा मंगल नृत्य नाटिका से हुई। इसमें आहोबान आसीलो महोत्शबे, एसो श्यामलो सुन्दरो, बज्र माणिक दिए गाथा जैसे रवींद्र संगीत प्रस्तुत किए गए। रविंद्र नाट्यम हृदय मंदिरो डमरू, तपेर तापेर बाधोन काटूके भी प्रस्तुत किया गया। कार्यकर्म के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ी गीतों सावन आगे आगे, झिमिर झिमिर बरसे पानी, मोर खेती खार रुमझुम पर प्रस्तुतियां दी गई।





### 16 विशिष्ट व्यक्तियों को मंच से किया गया सम्मानित, अनुभव किए साझा



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं बंगाल की लोकसंस्कृति पर कार्य कर रहे 16 विशिष्ट व्यक्तियों एवं संस्थाओं को मंच पर मानपत्र एवं उत्तरी पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभाओं में पदमश्री आरएस बारले, रिखी क्षत्री, रेणु साहू, सोनी त्रिपाठी, विश्वजीत सरकार, शर्मिष्ठा नंदी, ममता सेन, सोमा बोस, बंगीय साहित्य संस्था, मुक्तकंठ साहित्य समिति आदि शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत संयोजन में चंद्रा बनर्जी (हारमोनियम), रूद्र प्रसन्न जेना (तबला), हर्ष सोनटके (की-बोर्ड), डेनिल कोसरिया एवं प्रशांत पांडा (गिटार) पर रहें। इस दौरान चित्रकला विभाग के कलाकारों ने प्रकृति विषयक सजीव चित्रांकन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### परंपरा और संस्कृति को सहेजने का काम करने लिया संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कृषि औजार पूजन एवं वृक्षारोपण से किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती एवं गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर सांस्कृतिक सत्र की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मुख्य संयोजक नरेंद्र कुमार बंछोर ने दिया। संस्था की ओर से सभी अतिथियों को पारंपरिक हरे वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडे, अजय चक्रवर्ती, विपिन गिरी, मेयर अल्का बाघमार, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक, नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, पायल जैन, भावना पांडे, उमेश चिलंगिया उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

## एवाईसी 4.0 की नई कार्यकारिणी घोषित, अनूप-संगीता अध्यक्ष व मुकेश- साक्षी बने महासचिव




**दुर्ग।** अग्रवाल यूथ क्लब 4.0 की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। अनूप-संगीता अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा मुकेश-साक्षी सिंघानिया को महासचिव चुना गया। नई टीम में कोषाध्यक्ष का दायित्व सागर-रिया सेक्सरिया को मिलेगा। ग्रीटर का दायित्व अभिषेक-दीपिका गोयल को दिया गया। अनूप अग्रवाल ने कहा कि क्लब को समाज सेवा, खेल, शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के नए आयाम देने के लिए वह पूरी ऊर्जा से काम करेंगे। महासचिव मुकेश सिंघानिया ने युवाओं को एकजुट होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। सलाहकार रूही अग्रवाल ने इस अवसर पर नई टीम की ऊर्जा और समर्पण की सराहना करते हुए यह भी घोषणा की कि एवाईसी जूनियर का गठन किया गया है, जिसके प्रमुख ललित–राधा अग्रवाल होंगे। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि हमें विश्वास है कि अनूप अग्रवाल और मुकेश सिंघानिया के नेतृत्व में एवाईसी 4.0 नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर संरक्षक कैलाश रुंगटा, संरक्षक सुधीर अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गोयल, युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, राधेश्याम किर्तुका, घनश्याम अग्रवाल, पंकज कृतिका, डॉ. मोहन अग्रवाल, प्रकाश खेतान, बंसी पोद्दार, बिमल राजगारिया सहित अन्य मौजूद थे।




ब्रजमंडल में हरियाली तीज मनाई

## हरियाली तीज पर हुई खेल स्पर्धाएं हां या ना में विधि ने मारी बाजी




**खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी सम्मानित**

**भिलाई।** हरियाली तीज का आयोजन ब्रजमंडल गीता भवन सेक्टर 6 के परिसर में किया गया। महिला समिति के नेतृत्व में तीज प्रभारी भावना तोमर एवं महिला खेल प्रभारी साधना गोयल, मधु वार्ष्णेय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अनुराधा मंगल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हां या ना खेल में प्रथम विधि, द्वितीय प्रेमलता, तृतीय विनय, माला स्वागतम खेल में प्रथम हिमानी, द्वितीय शीतल, तृतीय शर्मा, स्टेशन खेल में प्रथम रुचि शर्मा, द्वितीय अनुराधा मंगल, तृतीय मधु वार्ष्णेय विजेता रहीं। बच्चों के लिए आयोजित खेलों के प्रतिभागी भी सम्मानित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में चित्रा राघव, ऊषा शर्मा, अनुराधा मंगल, दीपशिखा राघव और साधना गोयल ने भजन गायन, नृत्य और सामूहिक गायन में प्रस्तुति दी। विरेन्द्र कुमार शर्मा ने कुशलता पूर्वक मंच संचालन किया। मुख्य अतिथि कुबेर दत्त शर्मा डिप्टी कमांडेंट बीएसएफ थे। स्वागत अध्यक्ष राकेश यदुवंशी ने किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं ने दी प्रस्तुति

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने प्रस्तुति दी। महाआरती के बाद समस्त उपस्थित सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ आजीवन सदस्य जगदीश प्रसाद शर्मा, राजपाल सिंह राघव, डॉ. एचआर वार्ष्णेय, डॉ. आरके मंगल, मोहनलाल शर्मा, राजेश्वर अस्थाना, अतवीर सिंह राघव, राकेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार मित्तल, हरीश शर्मा, दिनेश कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

श्रावण मास की दी शुभकामनाएं

## टोलाघाट महोत्सव में पहुंचे ललित भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**बोल बम कांवड़ यात्रा का हुआ आयोजन**

**भिलाई।** ठकुराइन टोला पाटन स्थित टोलाघाट में बोल बम कांवर यात्रा समिति के तत्वावधान में सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित विशाल कांवर यात्रा महोत्सव में ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। संपूर्ण क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु भक्तजनों को पवित्र श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समिति के संयोजक एवं पूर्व भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, राजेन्द्र पाध्ये, नवीन पवार, पार्षद केवल चंद देवांगन, महेन्द्र चोपड़ा, मोनू चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## महिला सशक्तिकरण और एकजुटता के लिए रिसाली में किया पौधारोपण



**भिलाई।** रिसाली सेक्टर की महिलाए व छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन के सदस्यों ने रिसाली निगम कमिश्नर श्रीमती मोनिका वर्मा जी से मुलाकात की। महिलाओ ने रिसाली सेक्टर के वाटर हाइड्रेन के पास सौन्दर्यीकरण व एकता मंच मे प्रकाश व्यवस्था की मांग की संगठन ने निगम कमिश्नर मोनिका वर्मा के सहयोग व समय देने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। तत्पश्चात महिलाओं और संगठन के लोगों ने महिला सशक्तिकरण व एकजुटता के लिए रिसाली सेक्टर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, रमा श्रीवास, अल्का साहू, प्रमीला चन्द्रवंशी, पिंकी साहू, सरला चतुर्वेदी, दीपिका चेलाक, पुन्नी देशमुख, रीना देशमुख, जयंती खरे, कामनी चतुर्वेदी, मालती यादव, कृष्णा मलिक, मनी सिंह, अश्लेष मरावी, उमा सिंह, ममता वर्मा, अन्नू जांगढे उपस्थित रहे।

आध्यात्मिक वातावरण में जप तप अनुष्ठान जारी, चातुर्मास पर मधुकर भवन में हो रही धर्मसभा

कार्नर न्यूज

## आनंद ऋषि और केशर जन्म शताब्दी महोत्सव में रक्तदान शिविर का आयोजन, बांटे गए हेलमेट, अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश

**दुर्ग।** आचार्य सम्राट आनंद ऋषि महाराज का 125 वां जन्म महोत्सव एवं महाराष्ट्र प्रवर्तनी केसर देवी का जन्म शताब्दी महोत्सव हर्ष और उल्लास के वातावरण में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में मनाया गया। साध्वी प्रियदर्शना एवं अन्य साध्वी समुदाय के सानिध्य में आयोजन हुआ। पांच दिनों तक चले कार्यकर्म में सामायिक दिवस, आयंबिल दिवस, गुरु गुणगान, जीवदया, भीक्षुदया दिवस के रूप में मनाया गया। महोत्सव में श्रमण संघ परिवार के अलावा जैन समाज के विभिन्न संप्रदाय के सदस्यों की सहभागिता रही। श्रमण संघ परिवार के सभी वर्ग के लोगों ने सामाजिक दिवस में भाग लेकर सामायिक दिवस को सफल बनाया। आयंबिल एवं एकासना दिवस के दिन संध के लगभग 70 सदस्यों सदस्यों ने इस तप की आराधना की। जन्म महोत्सव का तीसरा दिवस दया दिवस के रूप में मनाया गया, जहां कृष्ण गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ और हरी सब्जियां खिलाकर उनकी सेवा की गई।



### रक्तदान शिविर में समाज के 50 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान

महोत्सव पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ के बैनर तले जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 के लगभग सदस्यों ने रक्तदान कर जीवन दान देने में अपनी अमुल्य भूमिका निभाई। इस रक्तदान के आयोजन में बालिकाओं एवं महिला समुदाय ने रक्तदान करने में अपनी सार्थक हिस्सेदारी दर्ज की। वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल श्रमण संघ महिला मंडल एवं श्रमण संघ बालिका मंडल के सदस्य रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।



### रक्तदान करने वालों को बांटा गया हेलमेट

इस अवसर पर रक्तदान करने वालों को हेलमेट का वितरण किया गया। समिति के प्रमुख अभिजीत पारख के संयोजन में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को स्मृति स्वरूप शहर की सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय संस्था डोनेट थोड़ा सा की ओर से हेलमेट दिया गया। रक्त दान शिविर में आशीर्वाद ब्लड बैंक के डाक्टर एवं टेक्निशियन की टीम से रक्तदान शिविर में सहयोग किया। इस दौरान रक्तदान से होने वाले फायदे की जानकारी दी गई। लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विश्व बॉक्सिंग इंग्लैंड में, भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी सना



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में कार्यरत महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी सना माचू का चयन भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम में हुआ है। यह टीम 4 से 14 सितंबर तक लिवरपूल, इंग्लैंड में आयोजित होने वाली विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। वर्तमान में सीसीटीसी के पद पर पदस्थ सना माचू ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी इस सफलता ने न केवल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम रोशन किया है, बल्कि सभी महिला कर्मचारियों और युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियों ने सना माचू को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की ऐश्वर्या ने बनाए 50 रन




**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी-20 अभ्यास मैच 2024-25 जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीम हिस्सा ले रही है। 28 जुलाई को छत्तीसगढ़ का तीसरा मैच झारखंड के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 171 रन बनाये। झारखंड की ओर से शशि माथुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 116 रन तथा सोनिया ने 29 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रीति यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 149 रन ही बना पायी। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने 50 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त कृति गुप्ता ने भी 47 रनों की पारी खेली। झारखंड की ओर से ममता पासवान ने 3 विकेट प्राप्त किये। झारखंड ने मैच 22 रनों से जीत लिया।

### बीसीए टीम के लिए रजिस्ट्रेशन 4 से



**भिलाई।** आगामी सत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न वर्गों की क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम की चयन स्पर्धा में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है। इस हेतु भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया आगामी 4 अगस्त से सुबह 10:30 से शाम 4:00 बजे तक भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के ऑफिस में प्रारंभ हो रही है। रजिस्ट्रेशन हेतु जन्मतिथि की डिजिटल कॉपी, पिछले 6 वर्षों की मार्कशीट एवं आधार कार्ड (इन सभी की ओरिजिनल एवं फोटोकॉपी) तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होना है। विभिन्न वर्गों की कट ऑफ डेट अंडर 14 -1 सितंबर से 31 अगस्त 2013 के मध्य, अंडर 16 के लिए एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के मध्य अंडर-19 के लिए 1 सितंबर 2007 के बाद एवं अंडर 23 के लिए एक सितंबर 2003 के बाद जिनका जन्म हुआ है। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी।

### तैराकी के विभिन्न वर्ग में हुए इवेंट



**भिलाई।** 15 वी सब जूनियर एवं जूनियर बालक /बालिका छत्तीसगढ़ राज्य तैराकी प्रतियोगिता 26 और 27 जुलाई को डीपीएस भिलाई में आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह में गोपाल खंडेलवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्विमिंग एसोसिएशन,यूबी एस चौहान,मुख्य अतिथि सही राम जाखड़ सचिव छत्तीसगढ़ स्विमिंग एसोसिएशन, सचिन देव शुक्ला, राकेश जोशी, अजय कुमार, परविंदर सिंह और फिरोज राठौर मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग 18 जिलों के 265 खिलाड़ी ने भाग लिया तथा 60 इवेंट कराए गए। वहीं 40 इवेंट का मेडल वितरण किया गया कुल। 106 इवेंट बॉयज और गर्ल्स तीन वर्गों में खेले गए।

इस मौसम में संक्रामक बीमारियों का खतरा टाल सकते हैं खानपान में बदलाव कर

# बारिश के मौसम में बीमारियों से बचे रहने डाइट में करें बदलाव, हंसते-मुस्कुराते बीत जाएगा मौसम

मानसून / बारिश का मौसम अधिकतर लोगों को पसंद होता है। साथ ही हरियाली के इस मौसम में बारिश के दौरान चाय और गर्म स्नैक्स पर भी अच्छों-अच्छों का जी ललचा जाता है। बरसात के मौसम में कीटाणु और वायरस अधिक एक्टिव हो जाते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के फूड हाइजीन/सेफ्टी टिप्स फॉलो करने की सलाह दी जाती है। इन टिप्स को फॉलो नहीं करने पर आप बीमार पड़ सकते हैं। साथ ही आपकी एनर्जी में भी कमी आ सकती है। बरसात में गलत खान-पान के कारण कई लोग बीमार पड़ जाते हैं। किसी भी प्रकार की बीमारी की चपेट में आने से बचने के लिए कुछ फूड का सेवन करना चाहिए, जो कि इन वायरस से लड़ने के लिए इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं। ऐसे फूड्स के बारे में आपको जानना चाहिए, जिनके सेवन से बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।



### फल

इस समय 'मानसूनी फलों' का सेवन किसी भी वायरस से बचाव में मदद करता है। साथ ही ये फल एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भी भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर को काफी फायदा होता है। बारिश में निम्न फलों का सेवन अधिक फायदेमंद होता है।

**चेरी:** इनमें एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो न केवल मस्तिष्क को आराम देते हैं बल्कि वायरस से भी लड़ते हैं।

**जामुन:** जामुन में कैलोरी काफी कम होती है। जबकि यह आयरन, फोलेट, पोटेशियम और विटामिन से भरपूर होता है, ये ऐसे पोषक तत्व हैं जिनकी शरीर को इस मौसम में अधिक आवश्यकता होती है।



**लीची:** ये विटामिन सी से भरपूर होती है, जिससे इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है।

**केला:** केला विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। यह फाइबर में हाई होता है, जो कि पाचन क्रिया को अच्छा रखता है और संक्रमण से बचाता है।

### सूप

सूप बनाने में आसान और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। सूप न केवल आपको वायरस से दूर रखता है बल्कि बारिश मौसम में आवश्यक हाइड्रेशन भी प्रदान करता है। बारिश के मौसम में ह्यूमिडिटी, निर्जलीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाती है। इसे रोकने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थ पीना जरूरी है। डाइट एक्सपर्ट भी इस मौसम में लिक्विड पीने की सलाह देते हैं। आप चाहें तो वेजिटेबल सूप, चिकन सूप आदि का सेवन कर सकते हैं।

### मेथी और जीरा

बारिश या मानसून के मौसम में बीमारियों की चपेट में इसलिए आते हैं, क्योंकि मौसम बदलने के साथ इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जैसे ही प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, शरीर का भोजन पचाना मुश्किल हो जाता है। पाचन तंत्र के सामान्य कामकाज को सही रखने के लिए और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मेथी और जीरे को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है।

### हर्बल चाय

मानसून के दौरान सभी भारतीय घरों में मसाला चाय एक प्रमुख ड्रिंक हो सकती है। लेकिन इस मौसम में दूध का सेवन करना उतना अच्छा नहीं माना जाता है। दूध वाली मसाला चाय की बजाय अदरक या नींबू के साथ हर्बल चाय पीने से आप रोग मुक्त रहेंगे। चाय के विभिन्न स्वादों जैसे : तुलसी, कहवा, चमेली हर्बल चाय का सेवन करें, जो कि रोजाना आपको अलग-अलग तरह से स्वाद प्रदान करेगी।

### हल्दी

हल्दी एक जादुई जड़ी बूटी है जो हर मौसम में आपके स्वास्थ्य के लिए अद्भुत काम करती है। मानसून सीजन में इसकी महत्वता अधिक बढ़ जाती है क्योंकि यह इम्यून सिस्टम को बूस्ट करके बेहतर बनाती है। यह अपने गुणों के कारण बारिश में होने वाले गले के संक्रमण से भी दूर रखती है। इसलिए हल्दी को भोजन में शामिल करने का प्रयास करें या इसे एक गिलास गर्म, उबले हुए दूध में शामिल करें और सोने से पहले पिएं। इनके अलावा आप अदरक, शहद, प्रोटीन वाली दालें आदि का भी सेवन कर सकते हैं।



## सीएम साय बोले- बचपन से मैं तीरंदाजी का शौकीन रहा




■ तीरंदाजी के गुर सीखे प्रदेश भर के कोच ने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ द्वारा एक दिवसीय कोचिंग सेमिनार का आयोजन रामसागर पारा के होटल में किया गया। इस सेमिनार को बीएसएफ के प्रमुख कोच मनोज कुमार ने कोरबा, सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, राजनंदगांव, आरकेसी , बीजापुर, दंतेवाड़ा,दुर्ग ,बालोद, मुंगेली, गरियाबंद , बिलासपुर, अंबिकापुर और रायपुर सहित 20 जिलों से आए 30 कोच को प्रशिक्षण दिया। मनोज कुमार ने बहुत बारीकी से तकनीकी ज्ञान देते हुए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों से आगे बढ़ने और नेशनल में मेडल लाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का स्वागत पुष्पहार से किया। शाम को समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी कोच को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन में मैं भी तीरंदाजी करता था। उन्होंने कहा कि आदिवासी कोरवा समाज के लोग आज भी तीर कमान लेकर चल चलते हैं ,और अपनी शान समझते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जशपुर और रायपुर में एनटीपीसी द्वारा लगभग 20 करोड रुपए की राशि से अति शीघ्र तीरंदाजी की दो अकादमी बनाई जा रही है। कार्यक्रम में विशेष रूप से खेल मंत्री टंकराम वर्मा, दुर्ग सांसद विजय बघेल ,ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया और भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने मुख्यमंत्री साय का सम्मान स्मृति चिह्न देकर किया।

## मसालों की उड़ गई खुशबू तो ऐसे करें इनके खराब होने की पहचान, रेसिपी नहीं होगी खराब

डिब्बों में रखे मसालों की एक्सपायरी डेट पता लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सभी सोच में पड़ जाते हैं कि हमें इस मसाले का इस्तेमाल करना चाहिए या नहीं। अगर आप भी यह सोच रहे हैं, तो आपको इस पर विस्तार से जानकारी लेनी चाहिए।



### ऐसे करें फ्रेश मसाले की पहचान

फ्रेश मसाले की सबसे बड़ी पहचान उनकी तीखी और प्राकृतिक खुशबू होती है। अगर मसाले से खुशबू नहीं आ रही, तो इसका मतलब है कि मसाला खराब हो चुका है। आप थोड़ा मसाला हाथ में डालकर भी चेक कर सकती हैं। अगर स्वाद कड़वा, अजीब या फीका लगे तो इसका मतलब है कि यह खराब हो चुका है। अगर मसाले में गांठ बनने लगे या नमी जरूरत से है तो इसकी क्वालिटी खराब हो जाएगी।हमेशा पैकेट पर लिखी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट चेक करें। फिर 6-12 महीने पुराने मसाले अपनी असली खुशबू और स्वाद खोने लगते हैं। फ्रेश पाउडर मसाले हाथ में रगड़ने पर स्मूथ महसूस होते हैं, जबकि पुराने मसाले की बनावट खुरदुरी और बासी लगती है।

### कैसे बताएं कि मसाले अच्छे हैं या नहीं?

मसालों की क्वालिटी चेक करने के लिए आप पानी का टेस्ट करके देख सकती हैं। इसके लिए पानी में एक चुटकी पिसे हुए मसाले डालें। अगर मसाले नीचे बैठ गए, तो इसका मतलब है कि मसाले शुद्ध और अच्छे हैं। इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### मसाले में मिलावट कैसे चेक करें?

एक-दो जीरे को जलाकर देखें। अगर केरोसिन जैसी खुशबू आए, तो उसमें पॉलिश या मिलावट हो सकती है। अगर मसाले का रंग बहुत गहरा या अजीब लगे, तो समझें कि इसमें आर्टिफिशियल कलर मिला है।

### मसाले को यूं करें स्टोर

मसालों को हमेशा स्टील, कांच या बीपीए फ्री प्लास्टिक के एयरटाइट कंटेनरों में स्टोर करें। इससे नमी और धूल अंदर नहीं जाती। मसालों को हमेशा ठंडी और सूखी जगह पर रखें। उन्हें चूल्हे या गैस के पास ना रखें, क्योंकि गर्मी उनके स्वाद को खराब कर देती है। एक बार में ज्यादा मसाले खरीदने से वे पुराने हो सकती हैं। बेहतर होगा कि आप 3-4 महीने में एक बार ताजे मसाले खरीदें। हर 15-20 दिन में मसालों को धूप में 1-2 घंटे के लिए फैलाकर रखें।



## खाने के बाद आती है नींद और घेर लेता है आलस तो करें ऐसे उपाय

बहुत से लोगों की हॉबी होती है देर तक सोना। शायद ही किसी का यह जवाब हो कि मुझे सोना अच्छा नहीं लगता। हां, यह हो सकता है किसी को सुबह देर तक सोना पसंद हो, किसी को दोपहर में तो किसी को रात में जल्दी..! 8 घंटे से ज्यादा सोने / नींद लेने के कई फायदे होते हैं। लेकिन ये सिर्फ रात में डीप स्लीप लेने पर ही होते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद जरूरी है। यदि किसी को नींद आने में परेशानी होती है तो कुछ एक्सरसाइज से यह परेशानी दूर की जा सकती है।

अनिद्रा/इंसोम्निया की समस्या को योगासन एवं घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है। ऑफिस जॉब करने वाले अधिकतर लोगों को दोपहर का भोजन करने के बाद आलस आने लगता है। खाने के बाद नींद आना डाइजेशन प्रोसेस के दौरान केमिकल रासायनिक चेंज के लिए शरीर की प्रक्रिया है। यह सामान्य प्रक्रिया है और हर किसी के साथ ऐसा होता है। लेकिन यदि आपको हर बार खाने के बाद नींद आती है तो चिंता का विषय हो सकता है। जिसे नींद आती है, उसका काम में मन नहीं लगेगा और डेली रूटीन भी प्रभावित हो सकता है। खाने के बाद आलस आने का कारण और उसे दूर करने के उपाय आपको जानना चाहिए। इन्हें फॉलो करके आप भी इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।



### पाचन चक्र

बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है और यह फूड से मिलती है। जब आप कुछ खाते हैं तो यह डाइजेस्टिव सिस्टम में पहुंचते ही ग्लूकोज यानी एनर्जी में ब्रेक हो जाता है। साथ ही मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन शरीर को कैलोरी यानी एनर्जी देता है। ऐसे में फूड को एनर्जी में कन्वर्ट करने के लिए डाइजेस्टिव सिस्टम विभिन्न रिस्पांसेज को ट्रिगर करता है। इस प्रोसेस में पेट भरा हुआ महसूस कराने वाले हार्मोन जैसे, कोलेलिस्टोकिनिन , ग्लूकाजन और एमाइलिन रिलीज होते हैं। ये हार्मोन माइंड में झपकी के सिग्नल पैदा करते हैं और आलस या नींद का कारण बनते हैं।

### आपकी डाइट

फूड डाइजेस्ट होने का तरीका एक ही होता है लेकिन कुछ फूड बॉडी को समान रूप से इफेक्ट नहीं करते। पालक,सोया ,अंडे ,पनीर ,टोफू और मछली फूड नॉर्मल से अधिक नींद दिलाते हैं। सेरोटोनिन बनाने के लिए बॉडी ट्रिप्टोफैन का यूज करती है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो नींद को रेग्युलेट करने में हेल्प करता है। इसका लेवल बढ़ने पर निश्चित ही आपको नींद आएगी। यानी जिन फूड में ट्रिप्टोफैन अधिक होगा वो सेरोटोनिन बढ़ाएंगे, जिससे नींद अधिक आएगी। ट्रिप्टोफैन अमीनो एसिड हाई प्रोटीन वाले फूड्स में पाया जाता है। इसलिए दिन में अधिक प्रोटीन या ट्रिप्टोफैन में हाई फूड्स नींद आने का कारण बन सकते हैं। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार, एक वयस्क के लिए प्रतिदिन ट्रिप्टोफैन की मात्रा 5 मिलीग्राम/1 किलोग्राम बॉडी वेट रखी गई है।

### अधूरी नींद

जाहिर तौर पर हर किसी को 7-8 घंटे की गहरी नींद की जरूरत होती है। यदि रात में नींद पूरी नहीं होती तो सुबह नाश्ता करने या लंच करने के बाद आपको नींद जरूर आएगी। मायो क्लीनिक की रिपोर्ट के मुताबिक नियमित नींद करने, स्ट्रेस दूर करने के लिए एक्सरसाइज जरूरी मानी गई है। यदि आप रात में लेट सोते हैं और सुबह जल्दी उठते हैं।



कार्नर न्यूज

वर्कआउट के दौरान सावधानियां बरतनी जरूरी

# कूलडाउन करते समय भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

हेल्दी और क्लीन डाइट ,रनिंग ,साइकिलिंग ,जिम जाकर वर्कआउट करना ,जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से दूर रहना ,योग करना आदि वो तरीके हैं, जिससे किसी को भी स्वस्थ रहने में मदद मिल सकती है। रोजाना वर्कआउट करने के भी कई फायदे होते हैं। लेकिन वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी भी काफी जरूरी होती है। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए, कुछ लोग सोर मसल्स में आराम देने वाले फूड का सेवन करते हैं; तो कुछ हाई प्रोटीन डाइट का सेवन करते हैं। मसल्स रिकवरी में कुछ विटामिन भी मदद कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद भी जरूरी है, जिसके लिए सोने के ये तरीके भी अपना सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी और इंजुरी से बचने के लिए कूल डाउन प्रोसेस भी करनी होती है। कूलिंग डाउन प्रोसेस आपकी हृदय गति को धीरे-धीरे कम करने के लिए पर्याप्त समय देता है, जो आपके शरीर को रिकवरी मोड में ले जाता है। कूल डाउन जब सही तरीके से किया जाता है, तो इसके अलावा स्टैटिक स्ट्रेचिंग या फोम रोलिंग शामिल है, जो थके हुए मसल्स को आराम देते हैं।



### कूल डाउन के दौरान होने वाली गलतियां

कूल डाउन में भले ही इसमें केवल कुछ मिनट लगते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद यह काफी जरूरी है। हो सकता है आप कूल डाउन की प्रोसेस के दौरान कुछ गलतियां कर रहे हों, जिस कारण से बॉडी सही से रिकवर नहीं हो पा रही हो। इसलिए कूलडाउन के समय गलतियां करने से बचें।

### हर वर्कआउट के बाद कूलडाउन न करें

ज्योफ ट्रिप , ट्रेनियाक में फिटनेस साइंस के हेड के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद कम से कम पांच मिनट का क्विक कूलडाउन प्रोसेस करने से मसल्स रिकवरी की प्रोसेस बढ़ जाती है। एक्सरसाइज के दौरान आपका शरीर कई तनावपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वर्कआउट के दौरान जो टेंशन क्रिएट होती है उस दौरान कैमिकल ब्रेक होते हैं, जो कि मसल्स में दर्द और थकान पैदा करते हैं। एक एक्टिव रिकवरी करने वाला कूलडाउन करके, उसके बाद स्ट्रेच करके मसल्स रिकवरी प्रोसेस की ओर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर एक्सरसाइज के बाद कूलडाउन करें। बल्कि वर्कआउट खत्म होने के बाद सिर्फ 10 मिनट इस प्रोसेस को दें। यदि आप 1 घंटा वर्कआउट कर रहे हैं, तो उसके बाद 10 मिनट कूलडाउन प्रोसेस करें।

### अचानक से अपना वर्कआउट बंद कर देना

वर्कआउट के बाद कूलडाउन सबसे पहले शरीर के तापमान और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करता है। फिर शरीर को वर्कआउट रिकवरी मोड में लेकर जाता है। लेकिन ऐसा करने के लिए आपको तुरंत किसी वर्कआउट को बंद नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए आप यदि स्पीड में साइकिल चला रहे हैं और अचानक से ब्रेक लगा देंगे तो साइकिल गिर जाएगी। आप गिरें न इसके लिए धीरे-धीरे ब्रेक लगाने होंगे। उसी तरह आपको वर्कआउट करना अचानक बंद नहीं करना है, बल्कि धीरे-धीरे वर्कआउट की तीव्रता को कम करना होगा, यह वर्कआउट सेशन को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आप दौड़ रहे हैं, तो धीरे-धीरे जॉगिंग पर आएं फिर तेज चलने पर आएं और फिर धीरे-धीरे अपनी स्पीड को कम करते हुए रुकें। ऐसा करने से शरीर और दिमाग को शांत करने में मदद करेगी और प्रॉपर कूलडाउन होगा।

### ठीक से स्ट्रेचिंग नहीं करना

मांसपेशियों में दर्द सबसे आम कारणों में से एक है, जो लोग अपने वर्कआउट को छोड़ देते हैं या फिर लंबे समय के बाद वर्कआउट करते हैं। वर्कआउट में होने वाले इस टेंशन को क्रिएट करने के लिए वर्कआउट के बाद स्ट्रेचिंग करना चाहिए।स्ट्रेचलैब के सर्टिफाइड पर्सनल ट्रेनर और एजुकेशन कोऑर्डिनेटर केल्सी डेकर के मुताबिक, ₹वर्कआउट के दौरान, आपके मसल्स टिश्यूज में छोटे-छोटे टियर्स आने लगते हैं, जो इंटेंस वर्कआउट और रेजिस्टेंस ट्रेनिंग के कारण आते हैं। आपका शरीर भी लैक्टिक एसिड का उत्पादन करना शुरू कर देता है। जिससे कसरत के बाद मांसपेशियों में दर्द होता है। स्ट्रेचिंग और फोम रोलिंग के माध्यम से ब्लड और ऑक्सीजन को बढ़ाकर आपके शरीर को रिलेक्स करने और इंजुरी से बचने में मदद करते हैं।



### फोम रोलर का उपयोग नहीं

यदि आपने अभी तक फोम रोलिंग नहीं किया है, तो शुरू करने के लिए बेहतर समय नहीं है। जर्नल ऑफ एथलेटिक ट्रेनिंग में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि फोम रोलिंग न केवल ज्वाइंट में रेंज ऑफ मोशन में सुधार करता है ।

